


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 32 | कोरबा, रविवार , दिनांक 03 नवंबर 2024 डाक 04 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में केंद्रीयगृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं



**देश-विदेश**
कश्मीर में आतंकी हमले में मुजफ्फरनगर का जवान बलिदान, आज घर लाया जाएगा पार्थिव शरीर



**फीचर पेज**
ज्यादा पानी पीने से तेजी से कम होता है वजन, जानें इस बात में कितनी सच्चाई



# बाबा केदारनाथ धाम के कपाट हुए बंद, सैकड़ों शिव भक्तों ने की पूजा अर्चना

**देहरादून, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

देशभर के सैकड़ों शिव भक्तों ने रविवार को बाबा केदारनाथ के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। भाई दूज के पर्व पर विशेष पूजा के बाद बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। छह माह बाद बाबा केदार के कपाट खोले जाएंगे। भाई दूज के दिन देश के 12 ज्योतिर्लिंग में शामिल श्री केदारनाथ धाम में बाबा के दर्शन करने के लिए सैकड़ों की तदाद में शिव भक्त पहुंचे थे। यहां पर भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान व धार्मिक परंपराओं के साथ बाबा का कपाट बंद किया गया। रविवार सुबह पांच बजे



से बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य,वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08.30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया इसके बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। इस दौरान भारी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे और उनमें गजब का उत्साह देखने को मिला। केदारनाथ धाम के पुजारी शिव शंकर लिंग ने बताया कि भगवान शिव का यह दिव्य मंदिर भाईदूज के दिन बंद कर दिए गया। प्रातः काल भगवान शिव का का भव्य अभिषेक के साथ महाभोग लगाया गया। समाधि पूजन किया गया। जगत के शिव भक्तों के कल्याण के लिए भगवान शिव हिमालय की इस श्रृंखला में विराजमान हो गए। पुजारी शिव शंकर लिंग ने आगे कहा, इस स्थान पर आज से ही देव पूजा आरंभ हो गई है। छह माह तक नरपूजा है। मानव द्वारा यहां पर शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। छह माह के उपरांत देव पूजा शुरू हो जाती है। भगवान के जो दिव्यगण है यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, मां जगदंबा भगवान के श्री चरणों की सेवा करते हैं। आज से पूजा का भार देवों के पास चला गया है। भगवान शिव से मैं प्रार्थना करता हूं कि जगत के सभी शिव भक्तों का कल्याण करें।

## उत्तराखंड में बड़े अपराधियों की तलाश तेज, 70 इनामियों पर पुलिस का शिकंजा, 25 साल से चल रहे फरार

**देहरादून, 03 नवंबर [एजेंसी]।**



प्रदेश में बड़े अपराध में शामिल 25 हजार से लेकर दो लाख के 70 इनामियों की तलाश में उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स व पुलिस जुटी है। इनमें से दो लाख रुपये का इनामी वह है जोकि हत्या के मामले में पिछले 25 साल से फरार चल रहा है। एसटीएफ व पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक उसका कहीं पता नहीं लग पाया है। वहीं श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा प्रमुख की हत्या करने वाले बदमाश सर्बजीत सिंह को भी दो लाख रुपये के इनामी की श्रेणी में रखा हुआ है। पुलिस विभाग की ओर से हर साल पांच हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक के इनामियों की लिस्ट जारी की जाती है। इनमें से 25 हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक के इनामियों की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी एसटीएफ के पास है।

मौजूदा समय में पुलिस की लिस्ट में 70 मोस्ट वांटेड में दो अपराधी दो लाख रुपये के इनामी हैं जबकि सात बदमाशों पर एक लाख रुपये इनाम है। इसके अलावा 21 बदमाशों पर 50 हजार और 40 पर 25 हजार रुपये का इनाम है। प्रदेश में दो लाख रुपये के दो इनामी हैं। इनमें से हत्या के मामले में सुरेश शर्मा निवासी पट्टी दोगी तहसील देवप्रयाग जिला गढ़वाल है। सुरेश शर्मा के विरुद्ध वर्ष 1999 में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।

## तेज रफ्तार कार ने 3 बाइक सवारों को मारी टक्कर, 5 लोगों की मौत

**नंदुरबार।** महाराष्ट्र के नंदुरबार तहसील के पिंपलोद गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार ने सड़क किनारे खड़े तीन बाइक सवारों टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। आशंका जताई जा रही है कि कार चालक को नींद आ गई होगी, गाड़ी का ब्रेक फेल हुआ होगा या फिर ड्राइवर नशे में होगा, तभी वाहन के अनियंत्रित हो जाने के कारण ये हादसा हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह हादसा 2 नवंबर को रात करीब 8 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

नंदुरबार से धनोरा रोड पर पिंपलोद गांव से एक किमी दूर एक बाइक खराब हो गई थी। अंधेरा होने की वजह से बाइक सवार की सहायता के लिए दो और बाइकें मौके पर रुक गईं। इसी बीच नंदुरबार से धनोरा की ओर तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने रोड के किनारे बाइक के साथ लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सुकमा के साप्ताहिक बाजार में नक्सलियों ने जवानों पर किया हमला, दो घायल, एक की हालत गंभीर



**सुकमा, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में आज नक्सलियों ने सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात जवानों पर हमला किया। जानकारी के अनुसार, यह हमला नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम द्वारा किया गया, जिसमें दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए जगरगुंडा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में घायल जवानों का इलाज जारी है, और डॉक्टर उनकी स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। हमले के बाद बाजार में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद दहशत में आए स्थानीय लोग बाजार से भागने लगे। नक्सली हमले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने क्षेत्र में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने बताया कि हमले की जांच की जा रही है और हमलावर नक्सलियों की पहचान करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नक्सली हमले में घायल हुए जवानों के नाम करतम देवा और सोढ़ी कन्ना हैं।

## सीएम योगी को धमकी देने वाले का लगा पता मुंबई पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार



**मुंबई।** यूपी के सीएम योगी आदित्यानाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। योगी को धमकी देने वाली एक महिला है, जिसने सीएम को इस्तीफा देने को कहा था। मुंबई पुलिस को मिले धमकी भरे मैसेज में कहा गया था कि अगर यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ 10 दिनों में इस्तीफा नहीं देते तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। धमकी देने वाली महिला को पुलिस ने पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल सेल को शनिवार शाम को एक अज्ञात नंबर से मैसेज किया था। पुलिस ने कहा कि धमकी भरा संदेश किसने भेजा, इसका पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## एनसीआर के 100 संत हाईकोर्ट में देंगे शपथ पत्र, यति नरसिंहानंद ने मौलानाओं को दी इस्लाम पर शास्त्रार्थ की चुनौती

**गाजियाबाद, 03 नवंबर [एजेंसी]।**



डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी ने इस्लाम पर मौलानाओं को शास्त्रार्थ की चुनौती दी है। उनके खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका के संबंध में यति का कहना है कि एनसीआर के 100 संत कोर्ट में शपथ पत्र देकर मांग करेंगे कि यति नरसिंहानंद के बयान में कुछ गलत है तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। रविवार को डासना देवी मंदिर में प्रेस वार्ता में यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि उन्होंने 29 सितंबर को हिंदी भवन में हुए कार्यक्रम कुछ भी गलत नहीं कहा था। इसके बाद भी उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

उन्होंने इस्लाम पर अपने विचारों को लेकर किसी भी मौलाना से शास्त्रार्थ करने को तैयार हैं। यति ने मुस्लिमों और पुलिस से अपनी जान को खतरा बताया है। उनकी हत्या की साजिश रची गयी है। बड़ी फंडिंग भी इस काम के लिए हुई है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें अवैध हिरासत में गाजियाबाद पुलिस ने चार अक्टूबर की रात से 29 अक्टूबर तक अवैध हिरासत में रखा उसके लिए कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि उन्हें शास्त्रार्थ की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 17 नवंबर से 22 तक धर्म संसद का आयोजन गाजियाबाद और हरिद्वार में किया जाएगा।

## लापता नौजवान की मिली लाश, परिजन सदमे में

**बलरामपुर।** पांच दिनों से लापता युवक का शव डबरी में मिला है. सूचना पर सनवाल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गई है। मृत युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सनवाल थाना क्षेत्र स्थित बरवाही गांव में रहने वाला लोकेश कुमार गुप्ता 29 अक्टूबर से लापता था. परिजनों ने 1 नवम्बर को सनवाल थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पांच दिन बाद अब जाकर ग्रामीणों ने डाबरी में युवक का शव तैरते हुए देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। वाड्रफनगर एसडीओपी राम अवतार ध्रुव ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट 1 नवंबर को ही दर्ज कर ली गई थी. पुलिस गुम इंसान की तलाश कर रही थी, परिजन भी काफी प्रयास कर रहे थे. डबरी में मिले शव को पुलिस एफएसएल टीम के आने के बाद निकालकर पीएम के लिए भेजा जाएगा।




## सनातन धर्म की रक्षा के लिए पवन कल्याण ने बनाई नरसिंह वाराही ब्रिगेड



**नईदिल्ली, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

सनातन धर्म की रक्षा के लिए जनसेना पार्टी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपनी पार्टी के अंदर नरसिंह वाराही ब्रिगेड बनाने की घोषणा की है। पवन कल्याण ने अपने संबोधन में कहा, मैं सभी धर्मो का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं अपनी आस्था पर अडिग हूं। जो लोग सोशल मीडिया पर सनातन धर्म की आलोचना करते हैं या इसके बारे में असम्मानजनक बातें करते हैं, उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए, मैं सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी पार्टी के भीतर नरसिंह वाराही ब्रिगेड नाम से एक समर्पित विंग की स्थापना कर रहा हूं। जगन्नाथपुर गांव में दीपम-2 मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर योजना के उद्घाटन के दौरान पवन कल्याण ने नरसिंह वाराही ब्रिगेड बनाने की घोषणा की।हाल ही में पवन कल्याण ने कहा था कि मंदिरों में प्रसाद की शुद्धता बनाए रखने के लिए उन्होंने सनातन धर्म सर्टिफिकेशन की जरूरत है।

तिरुपति में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पवन कल्याण ने कहा कि प्रसाद में मिलाई जाने वाली सामग्री की शुद्धता के लिए सनातन धर्म सर्टिफिकेशन की जरूरत है।तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट मामले पर काफी हंगामा मचा था। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया था कि तत्कालीन जगन मोहन रेड्डी सरकार के कार्यकाल के दौरान भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में अर्पित किए जाने वाले प्रसाद में पशु वसा मिलाई गई थी। हालांकि, जगन मोहन रेड्डी ने नायडू पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने इन सभी आरोपों को मानने से इनकार किया और कहा ये सब चंद्रबाबू नायडू राजनीति करने के लिए कर रहे हैं।

## रायपुर जेल के कैदियों के लिए रेडियो स्टेशन, गाना गाएंगे



**रायपुर।** रायपुर केंद्रीय जेल में इसी महीने से रेडियो स्टेशन संचालित होने लगेगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों से कराने की तैयारी जेल मुख्यालय कर रहा है। दरअसल जेल बंदियों के मनोरंजन और तनाव को दूर कर उनमें सकरात्मक बदलाव के लिए जेल प्रशासन ने रेडियो स्टेशन खोलने की पूरी तैयारी कर ली है।आस-पास के कॉन्सर्ट के टिकट उमंग-तरंग के नाम से शुरू किए जाने वाले वाले इस रेडियो स्टेशन के लिए कैदियों को माइक, स्पीकर, केबल और समाचार पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। सुबह करीब 10 बजे से दोपहर दो बजे और शाम को चार से आठ बजे तक इसका संचालन करने की योजना बनाई गई है। रेडियो की शुरूआत सुबह सबसे पहले मशहूर फिल्म दो आंखें बारह हाथ के गीत, 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम' से शुरुआत होगी। इसके बाद देश-दुनिया में होने वाले प्रमुख समाचारों का वाचन और अन्य प्रोग्राम का आयोजन होगा। जल्द ही बंदी अपने साथियों के फरमाइशी गीतों को पेश करते नजर आएगे।

## गर्म भट्ठी में गिरा प्लांट कर्मचारी, मौत

**रायगढ़।** श्री रूपनाधाम उद्योग में ऊंचाई से गिरने के कारण आज एक मजदूर की मौत हो गई है. घटना से प्लांट में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, यह घटना पूंजी पथरा पुलिस थाने के अंतर्गत श्री रूपनाधाम उद्योग में देर रात को हुई, जहां मजदूर गिरकर की गर्म भट्ठी में गिरने से मौत हो गई. मृतक का नाम सुरेंद्र चौहान है।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# संगोष्ठी के साथ मनाया गया 104 वां स्थापना दिवस

**कोरबा।** बालकोनगर। एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) बालको के द्वारा अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) का 31 अक्टूबर 2024 को 104 वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम राज्य एटक के महासचिव हरिनाथ सिंह के द्वारा एटक का झंडा फहराया गया। उसके उपरांत गुरुदास दास गुप्ता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं मौन धारण कर पुण्यतिथि मनाई गई। उसके बाद मजदूर एकता जिंदाबाद ,दुनिया के मजदूर एक हो ,श्रम की लूट के खिलाफ एक हो , कामरेड गुरुदास दासगुप्ता अमर रहे अन्य गगनभेदी नारे लगाये गए।

संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हरिनाथ सिंह उपस्थित थे जिन्होंने एटक के इतिहास के बारे में और भविष्य के बारे में अपने शब्दों में कहा कि ,भारतीय मजदूरो का प्रथम केंद्रीय ट्रेड यूनियन/ संगठन के रूप में 31 अक्टूबर 1920 को अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) की स्थापना हुई। आज हम इसकी 104 वीं जयंती मना रहे हैं।

104 वर्ष एक लंबी अवधि होती है, इस अवधि में विश्व में भारी परिवर्तन आया है और भारत ब्रिटिश उपनिवेश से निकलकर एक विकासशील स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में बदल चुका है। श्रम बल के बनावट और जागरूकता की रूप में भी भारी बदलाव आया है जिसके फलस्वरुप ट्रेड यूनियन के स्वरूप और क्रियाकलाप भी बदल गए हैं।



इस लंबे सफरनामा में एटक का एक गौरवशाली बहु आयामी इतिहास रहा है। विभिन्न परिवर्तनों, उतार-चढ़ाव एवं विभाजन, एकता और फिर विभिन्नता से गुजरते हुए एटक अपने अंदर विशाल अनुभव को संजोए हुए एकमात्र संगठन है जो जीवंत और प्रभावकारी ढंग से आज भी कायम है। देश में श्रमिक वर्ग को सरकार और नियोजक पक्ष की ओर से कैसे अत्यंत खतरनाक चुनौतियों से कारगर तरीके से निपटने के लिए समर्पित निष्ठावान एवं निस्वार्थ तथा संघर्षशील कार्यकर्ता एकमात्र विकल्प है। हम मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि कॉर्पोरेट घरानो तथा सरकार द्वारा की जा रही श्रम की लूट के खिलाफ निरंतर लड़ाई के मैदान में रहेंगे।

इस कार्यक्रम में राज्य एटक के सचिव एम एल रजक, एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) के अध्यक्ष एसके सिंह, महासचिव सुनील सिंह ,पी के वर्मा,धर्मेंद्र सिंह, फुलेंदर पासवान ,अविनाश सिंह ,ताराचंद कश्यप, संतोषी बरेठ ,परितोष यादव यूनियन के सभी कार्यकारिणी एवं अन्य साथी उपस्थित हुए।

## दीपका पुलिस ने बेचिंग प्लांट से सीमेंट चोरी करने वाले गिरोह पर सर्जिकल स्ट्राइक

### 400 बोरी सीमेंट और दो नग ट्रैक्टर किया गया जप्त, 9 आरोपियों पर की गई कार्रवाई

**कोरबा।** दीपका पुलिस ने बेचिंग प्लांट से सीमेंट चोरी करने वाले गिरोह पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। 400 बोरी सीमेंट और दो नग ट्रैक्टर जप्त किया गया है। पुलिस ने 9 आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में शरण सिंह मरावी पिता स्व दलपत सिन्हा उम्र 60 पता देवगांव थाना दीपका, कलेश्वर ओरकेरा पिता महिपाल सिंह उम्र 24 वर्ष ,लक्षण सिंह पिता घासी राम उम्र 58 वर्ष, भूपेंद्र कुमार सूर्यवंशी पिता रामकुमार उम्र 29 वर्ष पता जारोंधा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर, रामेश्वर यादव पिता स्व श्याम लाल यादव उम्र 35 वर्ष पता कसाईपली सलिहापारा थाना दीपका, रंजू पुलस्त पिता रामसिंह उम्र 21 वर्ष पता देवगांव, बालेंदर कनार सिंह पिता विश्वनाथ सिंह ग्राम झाबर राठौर कंपलेक्स थाना दीपका, शनि कुमार पिता मनोज कुमार सिंह उम्र 22 वर्ष पता झाबर, लाल मन सिंह पिता दिलराज सिंह उम्र 36 वर्ष पता फूलझर शामिल है। जेटवर्क कंपनी के देवगाँव स्थित बेचिंग प्लांट से 400 बोरी सीमेंट चोरी करने वाले गिरोह पर कठोर कार्यवाही करने में दीपका पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। गुरुवार को थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि जेटवर्क कंपनी के देवगाँव स्थित बेचिंग प्लांट से 400 बोरी सीमेंट को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त रिपोर्ट को तत्काल संज्ञान में लेते हुए दीपका पुलिस की टीम गठित कर मुखबीर सूचना प्राप्त कर 400 बोरी सीमेंट चोरी कर सीमेंट को सप्लाई करने वाले, चोरी की सीमेंट बिक्री करने वाले और ख़रीदी करने वाले उपरोक्त आरोपियों को पकड़ा गया। उनके कब्जे से अलग अलग स्थानों से 400 बोरी सीमेंट तथा घटना में प्रयुक्त दोनों ट्रेक्टर वाहन को जप्त किया गया

## सियान सदन पुरानी बस्ती क्षेत्र के सदस्यों का हुआ दीपावली सेलिब्रेशन

### लिया पर्यावरण को बचाने पेड़ लगाने का निर्णय

**कोरबा ।** कोरबा अंचल पुरानी बस्ती क्षेत्र स्थित सियान सदन के सदस्यों ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन कर सेलिब्रेशन किया, उन्होंने एक-दूसरे को दीप पर्व की बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया।

जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती स्थित सियान सदन के वरिष्ठ सदस्य मुरितराम साहू की ओर से निहारिका क्षेत्र स्थित अपने प्रतिष्ठान में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सियान सदन पुरानी बस्ती से जुड़े सदस्यों इस समारोह का भरपूर आनंद उठाया। सभी ने एक दूसरे को दीपावाली की शुभकामनाएंदेते हुए स्वल्पाहार किया।

दीपावली मिलन समारोह में शहर से संबंधित गंभीर मुद्दों पर भी चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि पर्यावरण को बचाने अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम सियान सदन पुरानी बस्ती की ओर से चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत सभी सदस्य अपने आस-पास के क्षेत्रों से करेंगे और आमजनो को भी इस कार्यक्रम से जोड़ेंगे। इस अवसर पर पुरानी बस्ती सियान सदन के वरिष्ठ सदस्य मुरितराम साहू ने कहा कि सियान सदन की बदौलत आज हम सब पुराने साथी यहां एकत्रित हुए हैं। निश्चित ही पार्षद धरम निर्मले की सियान सदन पुरानी बस्ती में निगम से उपलब्ध कराने की सराहनीय और अहम भूमिका रही हैं। यह सदन प्रतिदिन हमारे उठने-बैठने और मनोरंजन का सहारा बन गया हैं। पुराने व नए साथी से सदन में मेल-मुलाकात नई ऊर्जा का संचार करता है।

वरिष्ठ सदस्य धरम निर्मले ने कहा कि कहा कि हमें भगवान राम के आदर्शो को अपने जीवन में उतार कर बड़े भाई का कर्तव्य व भरत की भांति छोटे भाई का धर्म निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे की लत से युवाओं को दूर रहने की सलाह दी जानी चाहिए, उन्हें अच्छे आयोजन के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। मिलन समारोह में पहुंचे सभी सदस्यों को मुरितराम साहू ने गिफ्ट भी प्रदान किया। दीपावली मिलन के इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य टिकेश्वर सिंह, विमल थवाईत, बोधसिंह ठाकुर, एहसान खान, प्रदीप जायसवाल, अब्दुल गनी, यासीन खान, बजरंग सोनी और खगेश्वर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## तहसील के बाबू पर मामला दर्ज

**कोरबा।** तहसील कार्यालय,पाली में सहायक ग्रेड 03 के पद पर पदस्थ, हाउसिंग बोर्ड कलोनी केराझरिया ब्लॉक II-1 (06) थाना पाली के निवासी देवेन्द्र कुमार तम्बोली के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट व युवती से छेड़छाड़ के मामले में गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उसकी गिरफ्तारी शेष है जिसके लिए पुलिस प्रयासरत है। गिरफ्तारी के अभाव में पीड़ित परिवार भयभीत बताया जा रहा है। पीड़िता की 31अक्टूबर को दी गई लिखित शिकायत पर दर्ज स्न्द्धक्र के मुताबिक पाली तहसील में पदस्थ देवेन्द्र कुमार तंबोली के द्वारा दिनांक 30/10/2024 रात्रि 10 बजे प्रार्थिया के घर में आकर उससे गाली-गलौज किया गया एवं कमर को गलत (नीयत) तरीके से छुआ गया तथा इसका विरोध करने पर मां एवं बहन को जान से मारने की एवं मकान खाली कराने की धमकी दी गई।

## एसईसीएल में '' 50 वां कोल इण्डिया स्थापना दिवस'' व ''25 वां छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस'' के अवसर पर कार्यक्रम का सफल आयोजन

**कोरबा।** 50 वें कोल इण्डिया स्थापना दिवस तथा 25 वें छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर परिसर में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा सहित निदेशक तकनीकी एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, निदेशक डी सुनील कुमार एवं सीवीओ हिमांशु जैन की उपस्थिति में समारोहपूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि सहित समस्त उपस्थित अतिथियों ने शहीद स्मारक, डा. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा व ''खनिक प्रतिमा'' पर माल्यार्पण किया, उपरांत उपस्थित विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कोलइण्डिया ध्वज फहराया गया, उपरांत कोलइण्डिया कारपोरेट गीत व छत्तीसगढ़ राज्य गीत अरपा पैरी के धार बजाया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि, विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, सिस्टा प्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ की माटी, मानचित्र, हल एवं धान की बाली की पूजा की गयी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. प्रेम सागर मिश्रा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में उपस्थितों को बधाई देते हुए कहा कि हमें कोलइण्डिया के नाम, नमक और निशान को सदैव सम्मानित करने, गरिमापूर्ण बनाए रखने की दिशा में प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ की ऊर्जावान माटी की चर्चा करते हुए कहा कि इस गौरवशाली धरती पर दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दूसरी सबसे बड़ी गेवरा व चौथी सबसे बड़ी कुसमुण्डा खदान अवस्थित है तथा प्रकृति के साहचर्य में बसा यह राज्य विकास की असीम संभावनाएँ रखता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न श्रमसंघ, सीएमओएआई, सिस्टा, ओबीसी के प्रतिनिधिगण, महिला कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व वरूण शर्मा प्रबंधक ने निभाया

### रामपुर स्थित परिवार परामर्श केंद्र की घटना, काउंसलिंग के पहुंचे दंपती, पति ने किया जहर सेवन, मौत

**कोरबा।** रामपुर स्थित परिवार परामर्श केंद्र में एक दुखद घटना घटित हुई, जहां पति-पत्नी काउंसलिंग के लिए गए हुए थे। इस दौरान पति ने जहर का सेवन कर लिया और उसकी मौत हो गई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, 41 वर्षीय मृतक छतराम अपनी पत्नी के साथ काउंसलिंग के लिए परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा था। दंपती के बीच चल रहे विवाद के कारण वे पिछले एक माह से अलग रह रहे थे। बुधवार को काउंसलिंग के दौरान छतराम शराब के नशे में था, जिसके चलते काउंसलिंग नहीं हो पाई। घर लौटते समय उसने जहर का सेवन कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छतराम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बांस बल्ली जब्त कर किया अपराध दर्ज

**कोरबा/पाली।** सरकारी सिस्टम पर वन माफिया, खनन कारोबारी व बेजा कब्जाधारी भारी पड़ रहे हैं। पाली वन परिक्षेत्र में अवैध कब्जा की शिकायत पर डीएफओ के निर्देश के बाद हरकत में आए वन अमला ने वनभूमि पर बनाए झोपड़ी तोड़ और बांस, बल्ली जब्त करते हुए वन अपराध का मामला दर्ज किया है। कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पाली वन परिक्षेत्र के भूमि में सराई, शीशम, सागोन, खैर सहित विभिन्न प्रजातियों के बेशकीमती पेड़ लगे हैं। पाली वन परिक्षेत्र के ग्राम माखनपुर में नेशनल हाइवे से लगे वनभूमि में स्थानीय निवासी एक ग्रामीण द्वारा लगभग 5 डिसमिल भूमि पर कब्जा कर झोपड़ी निर्माण की मौखिक शिकायत यहां के ग्रामीणों ने पाली परिक्षेत्र अधिकारी संजय लकड़ा , वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत से करते हुए कार्रवाई की मांग की। जिसे वनमंडलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए पाली वन परिक्षेत्र अधिकारी- कर्मचारी को त्वरित कार्रवाई करते हुए वनभूमि से भेजा कब्जा हटाने के निर्देश दिए। जिसके बाद हरकत में आए पाली वन अमला द्वारा मौके पर पहुँच झोपड़ी को तोड़ते हुए साथ ही बांस, बल्ली सहित अन्य को जब्त करते हुए वन अपराध का मामला दर्ज किया है। डीएफओ श्री निशांत ने अपने अधीनस्थ सभी परिक्षेत्र अधिकारियों- कर्मचारियों को खास हिदायत दी है कि वनों और वन संपदा को नुकसान पहुँचाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। यदि इन मामलों में लापरवाही बरती गई तो संबंधितों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## सद्भावना भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीवाली

**कोरबा ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा विश्व सदभावना भवन टी.पी नगर कोरबा मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ दिवाली मनाई गयी। इस अवसर पर नगर निगम कोरबा के महापौर भ्राता राजकिशोर प्रसाद, सी. म. एच. ओ कोरबा भ्राता डॉ. एस.एन. केशरी, नगर निगम कोरबा के पूर्व सभापति भ्राता अशोक चावलानी जी, जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा की अध्यापिका बहन शांति मोहंती, बी. के रुक्मणी दीदी, बी. के. बिंदु दीदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सुरुआत अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर महापौर ने भी सभी को दिवाली की बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए कहा की हमे लक्ष्मी नारायण जैसे समृद्ध बनना है और अपने अन्दर के भूतो को निकलना है। डॉ. केशरी जी ने कहा की ज्ञान के द्वारा हम सभी को संतुष्टि दे सकते है, दिवाली अर्थात जो हमारे जीवन मे दुखी और अशांत लोग है उनका हम ज्ञान के द्वारा सहयोग कर सके तथा हमे अपने अन्दर के विकारो को इस राजयोग के माध्यम से निकलना है। अशोक चावलानी ने कहा की आज सभी लोग लक्ष्मी जी की पूजा करते है लेकिन देखा जाए तो हमारे घर मे ही इतने सारे लक्ष्मी जी है अगर हम उन्ही की पूजा करे, आदर करे तो हमारे जीवन में कभी भी लक्ष्मी की कमी नहीं हो सकती है। इस अवसर पर बहन शांति मोहंती ने भी अपने भाव व्यक्त किये तपश्च्चात बी.के बिंदु दीदी ने दिवाली का अध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए बताया की दिवाली को रौशनी के त्योहार के रूप मे भी मनाया जाता है यह बुराई पर अच्छाई की, अज्ञान पर ज्ञान की और निराशा पर आशा की जीत का प्रतिक है, इस दिन हम कोने कोने की सफाई करते है की कही भी कचरा ना रह जाए तो ऐसे ही परमात्मा हमे कहते है की सबसे पहले अपने मन की सफाई करनी है मन के किसी कोने में किसी आत्मा के लिए ईर्षा, नफरत, दुर्भाव, व्यार्भाव ऐसी अगर कोई भी भावना है तो पहले उसे अपने मन के अन्दर से निकालना है अर्थात मन की सफाई करनी है उसके लिए परमात्मा हमे बहुत सुन्दर ज्ञान दे रहे है जिसे अपने अन्दर धारण करने से हमारी मन की सफाई होती है जिससे हम सच्ची दीपावली का अनुभव करते है। बी. के. रुक्मणि दीदी जी ने अपने आशिर वचन द्वारा सभी को दिवाली की शुभकामनाये दी।

## चर्रा में धूमधाम से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

**कोरबा, कोरबी-चोटिया।** को छत्तीसगढ राज्य स्थापना दिवस ग्राम पंचायत बांगो के आश्रित ग्राम चर्रा मे बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गण के हाथों छत्तीसगढ महतारी के समक्ष सामूहिक कैंडल और दीप प्रज्वलित करके विधिवत् पूजा अर्चना की एवम् राज्य गीत गाकर श्रीफल फोड़कर किया गया। सभी अतिथिगण का पुष्प गुच्छ , तिलक लगाकर स्वागत और अभिवादन किया गया।

प्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात् मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधी शिव मरकाम द्वारा उद्बोधन करते हुए सभी ग्राम वासियों को 24 वां राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छतीसगढ़ के इतिहास से अवगत कराए एवम् इसी प्रकार समय-समय पर कार्यक्रम होते रहें और हर संभव सामाजिक कार्यों मे भरपूर सहयोग रहेगा, इस प्रकार आश्वस्त करते हुए पुनः सभी ग्रामवासी को स्थापना दिवस की बधाई दिए। सामाजिक कार्यकर्त्ता आयुष ठाकुर द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी ग्राम वासियों को बधाई दिए द्य ग्राम पटेल छतर सिंह कंवर ने भी सभी ग्राम वासियों को बधाई दी, उपसरपंच ईश्वर लाल मझवार द्वारा भी बधाई देते हुए सभी में भाईचारा की भावना रखते हुए संगठित होकर आगे बढ़ने की प्रेणना दिए , वहीं मितानिन अमर कुंवर सारथी एवम् साथी द्वारा स्वक्छाता पखवाड़ा पर हाथ धोने की सही प्रक्रिया को बताया गया तथा स्वक्ष्छता पर सभी को जागरूक किए ।

## पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं कॉलोनी वासी,एसईसीएल कार्यालय में किया प्रदर्शन

**गेवरा कोरबा।** साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड एसईसीएल गेवरा क्षेत्र अनुष्णा कंपनी के कर्मचारी और उनके परिवार 5 दिनों से पानी की समस्या से परेशान व जूझ रहे हैं पानी की विकराल समस्या को लेकर कईयों बार पत्राचार के माध्यम से कंपनी के मुख्य कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मौखिक तौर व सड़क की संघर्ष करके एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन लापरवाह प्रबंधन अपने ही कर्मचारियों के परिवारों को पानी की समस्या से सुविधा दिलाने में नाकाम हो रही है कर्मचारी और परिवार के लोग नाराज व आक्रोशित हैं कभी भी हो सकता है बड़ा आंदोलन इसके जिम्मेदार स्वयम गेवरा क्षेत्र के एसईसीएल प्रबंधन होंगे ।

गौरतलब है कि अनुष्णा कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी दिन-रात मेहनत करके कंपनी और देश को आगे बढ़ाने में जुटे हुए हैं लेकिन वही दूसरी तरफ कंपनी के प्रबंधन लाखों-करोड़ों रुपया कॉलोनी की मेंटेनेंस साफ सफाई बिजली सप्लाई पानी सप्लाई और अन्य कामों के नाम पर खर्च किया जा रहा है कर्मचारियों और उनके परिवार के सुविधा के नाम पर खानापूर्ति ही हो रही है और लाखों-करोड़ों खर्च करने के बावजूद भी सुविधा नहीं दे पा रही है तो लाजमी सी बात है सवाल जरूर खड़े होते हैं प्रबंधन अपने ही कर्मचारियों और उनके परिवार पानी की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं लाखों करोड़ों रुपया मेंटेनेंस के नाम से फूक जा रहा है अच्छी से अच्छी सुविधा ऊर्जानगर कॉलोनी के अलावा कई वार्डों के कॉलोनी स्थानों पर पानी की विकराल समस्या बनी हुई है कई ऐसे वार्डों के कॉलोनी है जहां महिनो से पानी की किल्लत से जूझ व परेशान हो रहे हैं जिसके कारण कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों के परिवार में खासी नाराजगी और आक्रोश है कभी भी बड़ा आंदोलन हो सकता है छत्तीसगढ़ ठेका कामगार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष चौहान ने जारी प्रेस बयान में बताया है कि एसईसीएल गेवरा प्रबंधन एक तो अपने ही कर्मचारी के परिवारों को ठीक ढंग से सुविधाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं और अच्छी से अच्छी सुविधा देने के नाम पर लाखों-करोड़ों का कंपनी व देश को चूना लगा रहे हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर भूविस्थापितों को पूरी व्यवस्थाओं के साथ मुआवजा रोजगार बसाहट पुर्नवास की व्यवस्था के नाम पर मामलों व प्रकरणों को लटकाए अटकाया जा रहा है इस वजह से कोयला खदानों के विस्तार पर जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण देश के विकास में एसईसीएल के प्रबंधन उनके अधिकारी रोड़ बंन कर बैठे हुए हैं चौहान ने आगे कहा कि कई खदान बंद होने के कगार पर है पानी की समस्या खदान प्रभावित ग्रामों में सबसे ज्यादा है पानी की उत्तम से उत्तम व्यवस्था के लिए प्रबंधन प्रतिवर्ष लाखों-करोड़ों का टेंडर इशू किया जाता है ना ग्रामों में पानी ठीक से मिल पाती है और ना ही अपने ही कर्मचारियों के परिवारों को पानी उपलब्ध करने में असफल साबित हो रही हैं नाराज व आक्रोशित कर्मचारियों के परिवारों और प्रभावित ग्रामों के साथ उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसकी उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी ।

## भाई दूज:कोरबा पुलिस ने जारी की एडवायजरी

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने भाई दूज के पवित्र पर्व पर जनता को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस अवसर पर बहनें अपने भाई की लंबी आयु और सुख समृद्धि के लिए अपने भाई के घर जा उनके साथ मिलकर भाई दूज का त्यौहार मनाती हैं।सजग कोरबा तहत त्योहार धूमधाम एवं शांतिपूर्ण मनाने की अपीलकोरबा पुलिस ने जगह-जगह पर प्वाइंट लगाने के साथ विभिन्न रास्तों पर सड़क दुर्घटनाओं, महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाते हुए शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पहली बार महिला एवं पुलिस अधिकारियों की 12 पिंक पेट्रोलिंग संभावित रास्तों पर तैनात रहेगी।

क्या करेंचारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाएं।दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहन कर वाहन चलाएं।बच्चों पर हर समय निगरानी रखें।क्या न करेंनशीले पदार्थ का सेवन करके वाहन न चलाएं।दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चलें।यातायात ट्रैफिक सिग्नल को न जंप करें।भीड़भाड़ वाले स्थान पर जाते समय अपने सामानों का ध्यान रखें।स्कूटी एवं मोटरसाइकिल के डिक्की में महत्वपूर्ण एवं कीमती सामान को न रखें।कोरबा पुलिस अपील करती है कि घटना-दुर्घटना की स्थिति में 112 या 9479193399 नंबर पर कॉलकर सहयोग ले सकते हैं।

## श्रीया महिला समूह ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** श्रीया महिला स्व-सहायता समूह ने गढ़ कलेवा परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की आरती और पूजन के साथ छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस मनाया। समूह अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी ने छत्तीसगढ़ की भाषा, बोली, परंपरा और रीति-रिवाजों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ का गठन 1 नवंबर 2000 को हुआ और यह भारत का 26वां राज्य बना। छत्तीसगढ़ को महतारी का दर्जा दिया गया है और आज इसकी 24वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है समूह की सदस्यों ने संकल्प लिया।

## कोरबा समेत तीन जगहों पर बनेगा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, साय केबिनेट ने दी मंजूरी

**कोरबा।** प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवंबर से लागू हो गई है। 28 अक्टूबर को प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी थी। यह नीति 31 मार्च 2030 तक के लिए लागू की गई है। नई नीति में तय किया गया है कि सर्विस सेक्टर के उद्योग स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योग लगाने के लिए कई वर्ग को खास छूट भी दी जाएगी। नई नीति में तय किया गया है कि राज्य के कोरबा, बिलासपुर, रायपुर में सेंट्रल इंडिया का उन्नत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। इसके तहत इन तीनों शहरों में ट्रेन, एयर कनेक्टिविटी, सड़कों की सुविधा, पानी, बिजली और उद्योग लगाने के लिए जमीन मुहैया करवाने पर जोर दिया जाएगा।

### इन वर्ग के लोगों को दी जाएगी विशेष छूट

कैबिनेट मंत्री देवांगन ने बताया कि नई औद्योगिक नीति में राज्य के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर एक हजार से अधिक रोजगार के प्रोजेक्ट शुरू करने का प्रावधान किया गया है। बी-स्पोक पैकेज भी यूथ को दिया जाएगा।

राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों, जिनमें पैरामिलिट्री भी शामिल हैं, को जमीन, बिजली, पानी की सुविधाओं में छूट दी जाएगी। नक्सल प्रभावित, कमजोर वर्ग, तृतीय लिंग



के उद्यमी भी नई औद्योगिक पॉलिसी के तहत विशेष प्रोत्साहन के पात्र होंगे, उन्हें भी उद्योग लगाने पर कई सुविधाओं में छूट मिलेगी।

राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों, जिनमें पैरामिलिट्री भी शामिल हैं, को जमीन, बिजली, पानी की सुविधाओं में छूट दी जाएगी। नक्सल प्रभावित, कमजोर वर्ग, तृतीय लिंग के उद्यमी भी नई औद्योगिक पॉलिसी के तहत विशेष प्रोत्साहन के पात्र होंगे, उन्हें भी उद्योग लगाने पर कई सुविधाओं में छूट मिलेगी।

### नीति में और क्या-क्या प्रावधान हैं

सरकार ने ब्याज अनुदान, लागत पूंजी अनुदान, स्टांप शुल्क छूट, विद्युत शुल्क छूट, वैल्यू एडेड टैक्स का प्रावधान किया है। नई नीति में मंडी शुल्क छूट, दिव्यांग (निशक्त) रोजगार अनुदान, पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान, परिवहन अनुदान, नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर में भी छूट देने के प्रावधान हैं। नई औद्योगिक नीति भारत सरकार के विजन 2047 पर फोकस की गई है। राज्य के प्रशिक्षित लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए उद्योगों के लिए प्रति व्यक्ति 15 हजार रुपए का ट्रेनिंग फंड देने का नियम बनाया गया है। माइक्रो, स्मॉल, मीडियम इंटरप्राइजेस (सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग) को लेकर पहली बार नई औद्योगिक नीति में सर्विस सेक्टर पर फोकस किया गया है। इंजीनियरिंग सर्विसेस, रिसर्च एंड डेव्हलपमेंट सेक्टर, पर्यटन एवं मनोरंजन सेक्टर को स्पेशल पैकेज दिया जाएगा। सरगुजा और बस्तर संभाग में होम-स्टे सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नई औद्योगिक नीति में फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाइल, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण (एग्रीकल्चर फूड प्रोसेसिंग) गैर काष्ठ वनोत्पाद (नॉन वुड फॉरेस्ट प्रोडक्ट), कम्प्रेस्ड बॉयो गैस, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस (ए.आई), रोबोटिक्स एण्ड कम्प्यूटिंग (जी.पी.यू), ड्रोन, डेटा सेंटर, जल विद्युत परियोजनाओं, सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

### यंग आंत्रप्रेन्योर को मिलेगा लोन

इस नीति में यंग आंत्रप्रेन्योर को लोन देने का नियम भी बनाया गया है। वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा की युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यम क्रांति योजना का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के शिक्षित युवा बेरोजगारों अनुदान (आर्थिक सहायता) के साथ ऋण देने का प्रावधान है।

### जहां उद्योग नहीं लगे वहां दिया जाएगा विशेष फोकस ध्यान


नई नीति में विकासखंडों को 3 समूहों में बांटा गया है। जिसके अंतर्गत पहला समूह विकासशील का है इसमें 10 विकासखंड हैं। यहां उद्योगों का काम हो रहा है। दूसरा समूह ऐसा है जहां काम हुआ, लेकिन कम हुआ। इसमें 61 विकासखंड हैं। तीसरा 75 विकासखंड का समूह है जहां औद्योगिक मामले में अति पिछड़ापन है। यहां कोई काम नहीं हुआ वहां इंडस्ट्री डेवलपमेंट की दिशा में काम करने की तैयारी है।

# इंजीनियर की मिली भगत से गुणवत्ताहीन सड़क का हो रहा निर्माण

## नाली एवं सड़क निर्माण में ढलान का नहीं रखा गया ख्याल

## निर्माण कार्य के दौरान कभी नजर नहीं आते उप अभियंता बर्मन, गुणवत्ता पर पड़ रहा असर

जांजगीर नैला। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 के मध्य परशुराम भवन के पास जननी सेलिब्रेशन के ठीक सामने स्थित नाली, सड़क का निर्माण ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कर दिया गया है जहां गुणवत्ता की पूरी तरह से अनदेखी की गई है वही निर्माण कार्य के समय ना तो नगर पालिका के अधिकारी ने मुआयना करना मुनासिब समझा और ना ही सब इंजीनियर कार्य करते समय उपस्थित रहे ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से गुणवत्ताहीन निर्माण कर दिया गया है। इस निर्माण कार्य में नगर पालिका द्वारा 24 लाख रुपए का कार्य के लिए निविदा आमंत्रित किया गया था जिसमें नाली निर्माण के साथ सड़क का कंक्रीट निर्माण कार्य किया जाना शामिल है । यह कार्य जिस ठेकेदार को करने के लिए दिया गया है उन्हें निर्माण कार्य करने का जरा भी अनुभव नहीं है जहां मनमाने तरीके से ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य को कर किया गया है।



सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि नाली निर्माण में जहां ढक्कन एवं दीवार आदि को मानक के अनुसार नहीं बनाया गया है वही सीसी रोड कार्य करते समय भी सड़क में पूर्व से जमे हुए मिट्टी की सफाई नहीं किया गया है और इस मिट्टी के ऊपर कंक्रीट कर आनन फानन में सड़क बनाने का कार्य किया गया है। विशेष कर स्वर्गीय भगवत प्रसाद पांडे के घर के सामने लगभग एक ट्रैक्टर मिट्टी जमा हुआ था जिसके ऊपर कंक्रीट कर दिया गया है इसी तरह विशाल सिंह ठाकुर के घर के पास खंबे के पास जमे हुए मिट्टी एवं घास आदि को हटाए बगैर ही ठेकेदार द्वारा उसी के ऊपर कंक्रीट कर दिया गया है इन जगहों पर कंक्रीट की मोटाई बिल्कुल ही काम है। इसी तरह विवेकानंद स्कूल के सामने सड़क में मात्र 2 इंच का कंक्रीट किया गया है जिससे सड़क अधिक दिन टिक पाएगी यह भी मुश्किल है ।

वैसे तो इस पूरे कार्य में छोटे सीमेंट प्लांट के सीमेंट का उपयोग किया गया है जो निविदा शर्तों के एवं एस्टीमेट के ठीक विपरीत है। इस निर्माण कार्य को सही गुणवत्ता पर कार्य नहीं कर ठेकेदार इसे आनन फानन में करके अपनी औपचारिकता पूर्ण किए हैं। बताया जाता है कि इस कार्य को करने के लिए जिस इंजीनियर को जिम्मेदारी दी गई है वह पूरे कार्य के दौरान कभी भी कार्य स्थल पर नहीं पहुंचे और ठेकेदार की मिली भगत से उनके द्वारा फर्जी बिल बनाया जा रहा है इसकी सूक्ष्म जांच अगर किया जाए तो निश्चित तौर पर यह सीसी रोड के कार्य का अमानत उजागर हो सकता है।

वैसे तो सब इंजीनियर बर्मन नगर पालिका जांजगीर नैला में जब से पदस्थ हुए हैं तब से सुर्खियों में रहे हैं जो अपनी कमिशन खोरी में लगे रहते हैं। जो भ्रष्टाचार को बढ़ाने के लिए ठेकेदारों को पूरी तरह से छूट देते रहते हैं । और अपना कमीशन तय कर फर्जी बिल बनाकर अपना और अपने ठेकेदार का जेब गर्म करते हैं ऐसे में उक्त इंजीनियर के संपत्ति का भी जांच किया जाना आवश्यक है।

हालांकि जगनी सेलिब्रेशन के सामने परशुराम भवन वाली गली में जिस तरीके से निर्माण कार्य हुआ है वैसा तो आज तक धरती में कहीं देखने को नहीं मिला यहां नाली निर्माण का ढाल आवासीय क्षेत्र की ओर है वही सड़क निर्माण का ढाल भी घरों की ओर कर दिया गया है जहां बरसात का पानी नाली में जाने के बजाय घरों में जा सकती है। इस निर्माण कार्य का सूक्ष्म जांच किए जाने की मांग वार्ड वासियों ने कलेक्टर एवं नगर पालिका के अधिकारियों से किया है जिसमें छोटे कंपनी के सीमेंट का उपयोग किए जाने के कारण कई जगह से परते उखड़ने लगी है। यहां यह बताना आवश्यक है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण करने के बाद ना तो इसमें पानी डाला जा रहा है और ना ही ढलान को ठीक किया जा रहा है नतीजा यह है कि वार्ड वासियों के ऊपर पानी डालने का जिम्मा छोड़ दिया गया है।

## मौहाडीह में अखंड नवधा रामायण 6 से

**जांजगीर चांपा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के आश्रित ग्राम मौहाडीह में हर साल की तरह श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन 6 नवबंर दिन बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। ब्यास आचार्य पं शिव प्रसाद तिवारी होंगे। देव आह्वान, वेदी पूजन के साथ रामायण कथा प्रारम्भ होगी। मुख्य यजमान प्यारे पटेल, शैलेंद्र पटेल होगे। इस बीच आए हुए चयनित मानस मंडलियों के बीच 14 नवबंर को रात्रि में मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 12001 रूपए, द्वितीय 10001 रूपए, तृतीय 7001 रूपए, चतुर्थ 5001, पंचम 3001, षष्ठम 3001, सप्तम 2001, अष्टम 1501 रूपये, नवम 1001रू, दशम 1001 रू, एकादश 1001रू से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रवचन कर्ता प्रथम, द्वितीय, तृतीय रामायण गुटका एवं 251रू स्व. दुलारू राम के स्मृति में राजकुमार पटेल प्रदान किया जायेगा। आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासी मौहाडीह जुटे हुए हैं। यज्ञ का समापन 15 नवबंर को यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन के साथ संपन्न होगा। आयोजन को लेकर राजकुमार पटेल, दिनू,सुमन पटेल,सोनू पटेल, सूचित पटेल, परमानंद पटेल, दिलेश्वर पटेल, माखन पटेल, अशोक पटेल, नरसिंग पटेल, प्यारेलाल पटेल, कन्हैया पटेल, पवन पटेल, भागवत पटेल रामनारायण सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से शिवेश को किया जाएगा सम्मानित

**अकलतरा।** डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समर्पित स्वयंसेवक शिवेश कुमार मिश्रा को विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शिवेश पिछले पाँच वर्षों से नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शिवेश मिश्रा ने बताया कि यह पुरस्कार सिर्फ उनके अकेले की मेहनत का नहीं बल्कि उनके प्रेरणा स्रोत उनके माता-पिता तथा वरिष्ठ शिक्षक के रूप में श्रीमती वर्षा यादव से समय समय पर मार्गदर्शन प्राप्त करते आ रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेंद्र वर्मा ने उन्हें उत्कृष्ट कार्य कर समाज में जागरूकता प्रदान करने का कार्य किया तथा सुनील साहू ने विभिन्न दायित्वों के साथ मुझे सशक्त बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य यू एन कुरें एवं महाविद्यालय परिवार के द्वारा शिवेश मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## प्लाटून कमांडर पद पर पुष्पेन्द्र का चयन

**चांपा।** लंबे समय से सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए आखिरकार अंतिम सूची छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किया गया हैं। चांपा निवासी राजेन्द्र जायसवाल एवं श्रीमती कामिनी जायसवाल के पुत्र पुष्पेन्द्र जायसवाल ने इस परीक्षा मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्लाटून कमांडर पद पर चयन प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर परिवारजनों सहित समाज के कई प्रतिष्ठित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। पुष्पेन्द्र जायसवाल लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे थे। वर्तमान में वे आईटीआई छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता राजेन्द्र जायसवाल राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत शिक्षक हैं, जबकि उनके भाई और बहन भी चिकित्सा क्षेत्र में सेवा कार्य कर रहे हैं। उनके चयन से क्षेत्र में प्रसन्नता और गर्व का माहौल है और यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। पुष्पेन्द्र के चयन होने पर परिवार एवं समाज के कई सदस्यों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## महाप्रसाद पाने मंदिर में भक्तों की लगी रही भीड़



**सक्ती।** शहर में शनिवार को श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर और श्रीराधाकृष्ण मंदिर में अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना के साथ ही भोग प्रसाद लगाया गया। इसके बाद अन्नकूट महाप्रसादम का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें लोगों की भीड़ लगी रही। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में आयोजित अन्नकूट के महाप्रसादम कार्यक्रम में मंदिर समिति सहित मोहल्ले के धर्म प्रेमी मौजूद रहे। भगवान राधाकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ ही महाभोग का प्रसाद लगाया गया। और शहर वासियों ने मंदिर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। 2 नवंबर को घरों में भी गोवर्धन की पूजा-अर्चना की गई। शहर के श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में विगत लगभग कई दशकों से यह परंपरा रही है कि अन्नकूट के प्रसाद कार्यक्रम में शहरवासी अपने-अपने घरों से यथाशक्ति अनाज व सब्जी लेकर आते हैं और उस अनाज व सब्जी को अन्नकूट के प्रसाद में मिलाया जाता है। इस परंपरा का निर्वहन आज भी नागरिक कर रहे हैं। यह परंपरा दशकों से चली आ रही है।

## कबाड़ में तब्दील हो गई सिटी बस, सुध लेने वाला कोई नहीं

### अधिक रकम खर्च कर यात्रा करने लोग हो रहे विवश

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस सेवा अब तक पटरी में नहीं आ सकी है। करोड़ों की गाड़ियां जहां तहां खड़ी कंडम हो रही है, तो वहीं लोगों को जिला मुख्यालय सहित आसपास के शहरी इलाकों में आवागमन करने में आटो और निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। खास बात यह है कि इसे फिर से शुरू करने के तरफ प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही जनप्रतिनिधि कोई पहल कर रहे हैं।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का गया। यहां 10 बसें आई सभी बसों का परमिट सचिव क्षेत्रिय परिवहन द्वारा जारी किया गया। परिवहन कार्यालय द्वारा 7 2020 तक के लिए किया गया। मगर परमिट जारी अकलतरा से शिवरीनारायण व्हाया शिवरीनारायण से अकलतरा, बलौदा से चांपा, चांपा से अकलतरा और नैला से चाम्पा तक बसों का



संचालन हुआ। जिलेवासियों को सभी सिटी का लाभ नहीं मिला। जिन दो-दो बसें चलनी थी उन एक-एक बस ही चलाया इसके बाद रही सही शुभारंभ किया थी और कार्यालय पदाधिकारी जिला अक्टूबर पामगढ़, सिर्फ पांच ऐसे में बसों मार्गों पर मार्गों पर गया। कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सेवा बंद हुई, वह आज तक पर नहीं आ सकी है। इतना शासन द्वारा करोड़ों की भेजी गई 10 सिटी बसों की भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन के पहिये, इंजन और बैटरी चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। अधिकारियों और की लापरवाही के कारण रुपए पानी में बह गए हैं। गाड़ियां जोबी मार्ग पर खड़ी हो रही है तो कुछ नैला डिपो में कबाड़ हो रही है। इधर लोगों नैला रेलवे स्टेशन, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, अस्पताल के अलावा बलौदा, बाराद्वार आदि क्षेत्र में सिटी बस पटरी ही नहीं लागत से हालत जहां बसों गायब हो विभागीय जनप्रतिनिधियों करोड़ों कुछ कंडम खड़ी को चांपा, जिला अकलतरा, सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्यालय जिला परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है।

इन जगहों पर बस की सुविधा नहीं है और यहां जाने के लिए आटो का किराया कम से कम 50 रुपए से लेकर 100 रुपए तक होता है। ऐसी स्थिति में शहर के चौक चौराहों से इन कार्यालयों तक पहुंचने वालों को समय के साथ साथ आर्थिक भार भी पड़ रहा है।

## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष का परिवार भाजपा में शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल के जनसंपर्क कार्यालय में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की रिती-नीति व कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर जांजगीर-पैला नगर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष परदेशी लाल डोंगरे के सुपुत्र शनि डोंगरे, मधुमती डोगरे, श्रीमती रामेश्वरी सूर्यवंशी पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी वार्ड नं. 10 ने अपने साथियों सहित भारतीब जनता पार्टी की सदस्यता ली।

सदस्या लेने वाले साथियों में कन्हैया सूर्यवंशी, अशोक चौरसिया, सुनील प्रधान, मीना सूर्यवंशी, रानू सूर्यवंशी, संतोशी सूर्यवंशी, कमला सूर्यवंशी, झुलबाई सूर्यवंशी, चंद्रिका, संजना, श्रद्धा, बाबूलाल, मनीष, उमेष लातिया उपस्थित थे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश करने वाले सभी नागरिकों को पुष्प गुच्छ भेट कर व भारतीय जनता पार्टी का दुपट्टा एवं गमछा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई तथा भाजपा प्रवेश करने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर इंजी. रवि पाण्डेय, जांजगीर-नैला नगर मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, नवीन राठौर, जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू, मोहन यादव, श्रीमती संतोषी दुबे, हरदेव टंडन, अनिल शर्मा, सतीश शर्मा, पलाश चंदेल, रितेश मोनू अग्रवाल, छबि कश्यप, सुशील सिंह, सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में दोस्त से मिलने जा रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबकि अमरता के रहने वाले दिलेश डहरिया सुबह आठ बजे के करीब अपने दोस्त से मिलने मुड़पार जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एक खंभे जा टकराई। मौके पर मौजूद अन्य लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अकलतरा अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## एक साथ चार सूने मकानों को चोरों ने बनाया निशाना

**जांजगीर-चांपा।** दीपावली की रात चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की। चारों सूने मकानों से नकदी और सोने चांदी के जेवर पार किए। सभी परिवार दीपावली मनाने अपने गांव गए हुए थे। मामला सिटी कोतवाली इलाके के बनारी का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बनारी में गुरुकुल स्कूल के पास लक्ष्मीनारायण राजवाडे का मकान है। इस मकान में चार परिवार किराए पर रहते हैं।

ग्राम महंत निवासी कन्हैया लाल कश्यप, नवागढ़ निवासी हरिशंकर धीवर, खोखरा निवासी सनत कुमार सूर्यवंशी और लोरमी निवासी जागेंद्र कुमार अपने अपने परिवार के साथ यहां किराए से रहते हैं। दीपावली का त्यौहार मनाने चारों परिवार अपने अपने गांव चला गया था। दीपावली पर 31 अक्टूबर की शाम मकान मालिक पहुंचा और दिया जलाकर अपने घर चला गया। रात में सूने मकानों पर चोरों ने धावा बोल दिया। एक एक कर चारों घर को चोरों ने निशाना बनाया। चारों मकान के दरवाजे का पल्ला घर के अंदर बिखरा पड़ा समान।

जिस स्थान पर चोरी हुई है वह बस्ती से बाहर है। इस स्थान पर एक ही मकान है, जहां चार परिवार रहते है। दीपावली की रात हर ओर पटाखे की शोरगुल थी। चोरों ने बड़े इत्मीनान से दरवाजा तोड़कर चारों घर में चोरी की। सबूत मिटाने को नियत से दरवाजों के पास बेसन और हल्दी पाउडर छिड़क कर चोर भाग निकले।

**सोने चांदी के जेवर और नकदी की चोरी की**

अगले दिन 1 नवंबर की सुबह मकानों का टूटा हुआ दरवाजा देखकर चोरी का पता चला। बताया जा रहा है कि चोरों ने सोने का हार 4 तोला का हार, 2 जोड़ी झुमका, 1 मांग टिका, अंगूठी, चांदी की पायल और करीब 1 लाख रुपए नकदी की चोरी की है। मामले में कोतवाली पुलिस ने 331 (4) 305 (ए) बी एन एस के तहत अपराध क़ायम कर जांच शुरू कर दी है।

## भगवान को व्यंजनों का लगाया गया भोग

**बाराद्वार।** शनिवार को नगर के विभिन्न मंदिरों और घरों में गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। भगवान को विभिन्न व्यंजनों का भोग चढ़ाया गया और मंदिरों में प्रसाद बांटे गए। दीपावली पर्व के तीसरे दिन अन्नकूट त्योहार शनिवार को भगवान गोवर्धन की पूजा के साथ घरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन जी की पूजाक्षअर्चना की गई और मंदिरों में प्रसाद बांटा गया।

## पीथमपुर में जुआ खेल रहे 10 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** थाना जांजगीर पुलिस और सायबर टीम की संयुक्त कार्रवाई में थाना जांजगीर क्षेत्र के पीथमपुर में 10 जुआरियों को पकड़ने में सफलता मिली है। उनके कब्जे से 9375 रुपए और 52 पत्ती तास जब्त किया गया है। जांजगीर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी और सायबर टीम के नेतृत्व में ग्राम पीथमपुर में छापा मारा गया। जुआ खेलते पकड़े गए आरोपियों में पीथमपुर निवासी मनोज कुमार साहू (38), खगेंद्र श्रीवास (28), अनिल कुमार साहू (33), भूषण केवट (28), संत कुमार साहू (43), सुरेंद्र कुमार केवट (25), सूरज साहू (25), रामकिशुन साहू (35), बीरबल यादव (45) और विनोद साहू (35) शामिल हैं।

## रेल सुविधा बढ़ाने विधायक ने मंडल प्रबंधक को सौंपा पत्र

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर को मांग पत्र देकर जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की है। उनका कहना है कि यह स्टेशन जिले के मुख्यालय के नजदीक स्थित है और यहां पर्याप्त सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए असुविधाजनक है। पत्र में उन्होंने चार प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान दिलाते हुए स्टेशन के विकास और यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है।

जांजगीर- नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन समपार में ओवरब्रिज निर्माण की मांग वर्षों पुरानी है। छ्ग्ग शासन द्वारा बजट में उक्त निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसके निर्माण कार्य में तेजी लानी है। वहीं नहरिया बाबा मंदिर जाने के लिए सैकड़ो भक्त जान जोखिम में डालकर लाईन क्रास करते है। जिसके लिए फुट ओवर ब्रिज की %आवश्यकता है। इसी प्रकार जांजगीर-नैला स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर है। स्टेशन के पूर्व दिशा के प्लेटफार्म में ही फुट ओवर ब्रिज निर्मित है जिसके कारण पश्चिम दिशा के प्लेटफार्म पर उतरने वाले यात्रियों को लगेज के साथ लंबी दूरी तक पैदल चलना पड़ता है। यात्रियों की मांग है कि स्टेशन के पश्चिम दिशा में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। जांजगीर -नैला स्टेशन के दोनों और निर्मित एप्रोच रोड अत्यंत जर्जर हो चुकी है मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे गुजरने वाले आमजनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है स्टेशन के निकट कोल साइडिंग होने से लगातार भारी वाहनों की आवा जाही बनी रहती है अत: स्टेशन के दोनों ओर से एप्रोच रोड का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण करते हुए नवीन रोड निर्माण कराए जाने की आवश्यकता है।

## दिवाली पर बच्चों को मिठाइयां बांटी

**सक्ती।** सामाजिक संस्था श्रेष्ठ भारत संस्थान ने दिवाली का पर्व हरदा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के बीच मनाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने बच्चों को मिठाइयां, पटाखे, मिट्टी के दीये बांटे। साथ ही माताओं को भी दिवाली का तोहफा दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। वहीं, विद्यालय के बच्चे मिठाइयां व पटाखे पाकर झूम उठे। इस अवसर पर श्रेष्ठ भारत संस्थान के बृजेश शर्मा, सुनीता सिदार, प्रधान पाठक मनोज पटेल, मानसाय बरेठ, सुदामा पटेल, रामशिला पटेल, गीताबाई, मंदाकिनी सिदार आदि मौजूद रहे।



## दिवाली पर माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई

**राहौद।** दिवाली पर राहौद में लक्ष्मी पूजन का आयोजन विभिन्न पंडालों में किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा और उत्साह से पंडालों में एकत्रित होकर माता लक्ष्मी की विधि-पूर्वक पूजा की।

वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माता को भोग लगाकर आरती की गई और दीपोत्सव का नजारा देखने को मिला। शाम को माता के पंडाल भक्तिगीतों से गूंज उठे। पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। दूसरी ओर राहौद नगर के मां लक्ष्मी उत्सव समिति की ओर से गादी दाई मोहल्ला में गणेश जी की मूर्ति ?स्थापित की गई थी, जो आकर्षण का केंद्र रहा। पंडाल में स्थित गणेश जी की दाएं हाथ में सिक्का डालने पर बाएं हाथ से निकल रहें लड्डू का प्रसाद पाने के लिए लोगों की भीड़ रही है। पंडाल में दर्शन, पूजा के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।

## छठ पर्व: 7 को डूबते सूर्य को देंगे अर्घ्य, घाटों की सफाई शुरू

**जांजगीर-चांपा** दिवाली के बाद अब छठ पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूर्वांचल के लोग छठ घाटों की साफ-सफाई के लिए जुटे हैं। चांपा, जांजगीर सहित अकलतरा में पर्व खास उत्साह के साथ मनाया जाएगा। चांपा में छठ पर्व को लेकर अलग-अलग आयोजन होगा। इसको लेकर नगर के लोगों ने लछनपुर के पास बने छठ-घाट की सफाई शुरू कर दी है।

पर्व की शुरुआत पहले दिन नहाय खाय से होगी। छठ उत्सव 4 दिनों तक चलेगा। पहले दिन व्रती स्नान के बाद नए वस्त्र धारण करेंगे। लौकी की सब्जी और चावल चूल्हे पर पकाएंगे। पूजा के बाद उसे प्रसाद रूप में ग्रहण करेंगे। पूजा के लिए चांपा हसदेव के लछनपुर और ढोंगा घाट को पर्व के लिए सजाया जाएगा। घाट को पेंट किया जा रहा है। 7 नवंबर को अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। अगले दिन 8 नवंबर को उगते हुए सूर्य को सभी छठ व्रती दूसरा अर्घ्य देंगे। नहाय खाय 5 नवंबर को- नदी स्नान या घर में गंगाजल मिलाकर स्नान के बाद सेंधा नमक के इस्तेमाल से बनी कद्दू की सब्जी, चने की दाल, अरवा चावल का



भात, आंवले की चटनी आदि का प्रसाद व्रती ग्रहण करेंगे।

**इन तिथियों को ये परंपरा निभाई जाएगी**

दवाली सा रहेगा माहौल- छठ पूजा के दौरान अंतिर्म दन हसदेव नदी के तट पर्र दवाली सा दृश्य होगा । घाट की आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। व्रती के साथ आए परिजन पटाखे भी फोड़ेंगे। चांपा के अलावा जांजगीर, सक्ती, बाराद्वार सहित अन्य शहरों में व्रती उपवास रखेंगे। उगते सूर्य को अर्घ्य 8 नवंबर को देंगे- 7 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ पूजा के चौथे दिन 8 नवंबर को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

### अनमोल वचन......

**जो सुख में साथ दे वो रिश्ते होते है और जो, दु:ख में साथ दे वो फ़रिश्ते होते है!**

# रिपोर्टों के पीछे मकसद क्या है

*ऐसी रिपोर्टें कई दशक से जारी हो रही हैं। अब यह कहने का आधार है कि इनसे गरीबी की ठोस समझ बनाने में कोई मदद नहीं मिली है। इसलिए अब यह सवाल उठाने का वक्त है कि इन रिपोर्टों के पीछे मकसद क्या है। बीते हफ्ते के आरंभ में वैश्विक गरीबी पर में विश्व बैंक की रिपोर्ट आई। सप्ताहांत में संयुक्त राष्ट्रने इसी संबंध में अपनी रिपोर्ट जारी की। विश्व बैंक विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी स्थित ऑक्सफॉर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव पिछले कई वर्षों से गरीब लोगों की संख्या के बारे में अपना साझा अनुमान जारी कर रहे हैं। अपनी ताजा रिपोर्ट में उन्होंने भारत के बारे में कहा है कि यहां 23 करोड़ 40 लाख लोग चरम गरीबी में जी रहे हैं। विश्व बैंक ने ये संख्या 13 करोड़ 40 लाख बताई थी। ये दोनों आधिकारिक संस्थाएं हैं। इनके अलावा कुछ एनजीओ भी अपना अनुमान जारी करते हैं। उनसे भी अलग संख्या सामने आती है। ऐसी रिपोर्टें कई दशक से जारी हो रही हैं। इसलिए अब यह कहने का आधार है कि इनसे गरीबी को समझने या उससे लोगों को मुक्ति दिलाने के बारे में कोई ठोस सोच नहीं बनती है। उलटे भ्रम पैदा होता है। इसलिए अब यह सवाल उठाने का वक्त है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने के पीछे मकसद क्या है। उद्देश्य दुनिया में गरीबी खत्म करना है, तो फिर ये संस्थाएं न्यूनतम और भ्रामक पैमाने क्यों अपनाती हैं। नव-उदारवादी दौर के पहले एक मान्य फॉर्मूला व्यक्तियों को उपलब्ध कैलोरी होती थी। भारत में गांवों में जिन लोगों को रोजाना 2200 और शहरों में 2100 से कम कैलोरी उपलब्ध थी, उन्हें गरीब समझा गया था। अनेक गंभीर अर्थशास्त्रियों दिखाया है कि आज इस कैलोरी उपलब्धता से वंचित लोगों की संख्या तब से ज्यादा है। वजह यह है कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवहन जैसी सेवाओं का निजीकरण होने का बोझ लोगों की निजी आमदनी पर पड़ा है। इस कारण उन्हें अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ी है। इस बात के आधिकारिक आंकड़े हैं कि बहुत से गरीब लोगों ने अपने भोजन में कटौती की है। जबकि शिक्षा एवं इलाज जैसी अनिवार्यताओं पर बढ़े खर्च की गणना खर्च क्षमता में करके विश्व बैंक करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से उठा बता देता है। ऐसी ही विसंगतियां संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी हैं। फिर भी ऐसी रिपोर्टों का सिलसिला जारी है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।

**वृष राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे 7 रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बेहतर साबित हो सकता है। आज नौकरी करने वाले लोगों की तनख्वाह में बढ़ोतरी होने की भी संभावना है। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए... भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशि:** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय पर चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यप्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे 7 लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**तुला राशि :** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी 7 इस राशि के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा। आज किसी उलझन से बहार निकलने में दोस्त की मदद मिलेगी। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपको पैतृक सम्पति मिल सकती है। पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा... आपका ज्ञान बढेगा।

**धनु राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है। इस राशि के जो लोग मीडिया जगत से जुड़े हैं उनको कोई नए प्रोजेक्ट पर काम करने को मिल सकता है।

**मकर राशि :** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करें। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार- चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए।

**कुंभ राशि :** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पोजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा 7 आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

**मीन राशि :**आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के मामले में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

# भारत के टीकाकरण कार्यक्रम को अत्याधुनिक डिजिटल बढ़ावा

//जगत प्रकाश नड्डा//

**बीमारियों को रोकने में टीकों की भूमिका वर्ष 1796 से ही अहम साबित होती आ रही है, जब जानलेवा बीमारी चेचक के विरुद्ध पहला टीकाकरण किया गया था। पिछले 50 सालों में ही टीकों से वैश्विक स्तर पर 15 करोड़ से अधिक लोगों की जानें बचाई गई हैं, जो प्रत्येक वर्ष प्रति मिनट 6 लोगों की जान बचाने के बराबर है। जीवन रक्षा भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) का एक प्रमुख अभियान है। प्रत्येक वर्ष 2.6 करोड़ से ज़्यादा नवजात शिशुओं को यूआईपी के तहत खसरा, डिप्थीरिया, पोलियो आदि 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के विरुद्ध टीके लगाए जाते हैं। ये रोग जीवन के लिए ख़तरा हो सकते हैं या बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं।**

यद्यपि, यह कार्यक्रम वर्ष 1985 में शुरू हुआ था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसका अधिक तेजी से विस्तार हुआ है। भारत सरकार के मिशन इंद्रधनुष जैसे सघन अभियानों के परिणामस्वरूप टीकाकरण कवरेज 90त्न से अधिक तक बढ़ गई है। तथापि, 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करने के मार्ग में अनेक चुनौतियाँ बनी हुई हैं। कुछ क्षेत्रों और समुदायों में टीकाकरण के प्रति हिचकिचाहट से लेकर पलायन के कारण बीच में ही टीकाकरण छोड़ देने जैसे कई ऐसे कारण हैं जिनसे कुछ बच्चों का टीकाकरण आंशिक रूप से ही हो पाता है या बिल्कुल नहीं हो पाता।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और हर बच्चे और गर्भवती महिला का टीकाकरण करने के मिशन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता जताई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टीकाकरण कवरेज का अधिकतम विस्तार करने के लिए यू-विन (यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम-विन) नामक एक तकनीकी समाधान की परिकल्पना की है। यू-विन एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो पूरे भारत में सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की स्थिति को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पंजीकृत और मॉनिटर करता है।

यू-विन अनिवार्य रूप से एक नाम-आधारित रजिस्ट्री है, जो कहीं भी, कभी भी टीकाकरण की सुविधा प्रदान करती है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस प्लेटफ़ॉर्म पर टीकाकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इसमें कई विशेषताएं मौजूद हैं। गर्भवती महिलाएँ यू-विन ऐप या पोर्टल के ज़रिए खुद को पंजीकृत कर सकती हैं या पंजीकरण के लिए निकटतम टीकाकरण केंद्र में जा सकती हैं। एक बार पंजीकृत होने के बाद स्वास्थ्य परिचर गर्भवती महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण टीकाकरण को ट्रैक कर सकते हैं, प्रसव के परिणामों को रिकॉर्ड कर सकते हैं, नवजात शिशु को पंजीकृत कर सकते हैं जिससे कि उनका भी टीकाकरण कार्यक्रम आरंभ किया जा सके। इस टीकाकरण-कार्यक्रम को कार्यक्रम प्रबंधक तब तक ट्रैक कर सकते हैं, जब तक कि बच्चा 16 वर्ष का न हो जाए।

यू-विन से माता-पिता और अभिभावकों को काफी सुविधाएं मिलती हैं, जिनसे वे देश में कहीं भी टीकाकरण सेवाओं तक पहुँच सकते हैं और सिर्फ़ एक बटन क्लिक करके अपने बच्चों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस प्लेटफ़ॉर्म पर अपॉइंटमेंट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जो प्रवासी कामगारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है।

यू-विन 11 भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे प्लेटफ़ॉर्म की पहुँच और अधिक व्यापक हो गई है। रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण इसकी एक अन्य प्रमुख विशेषता है। हर बार जब कोई सत्यापित लाभार्थी टीका लगवाता है, तो तत्समय डिजिटल टीकाकरण का रिकॉर्ड बन जाता है। लाभार्थियों को एक डिजिटल पावती और एक क्यूआर-आधारित प्रमाण-पत्र भी मिलता है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है और चलते-फिरते सत्यापन के लिए मोबाइल डिवाइस पर संग्रहित किया जा सकता है, जो विशेष रूप से स्कूल में प्रवेश और यात्रा के लिए उपयोगी होता है। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म आगामी टीकाकरण की खुराकों के लिए एसएमएस द्वारा सूचना और अनुस्मारक भेजता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि अभिभावक और स्वास्थ्य परिचर्याकर्मी खुराकों के बीच निर्धारित न्यूनतम अंतराल का पालन करें। यू-विन एक इंटीग्रेटर के रूप में कार्य करता है, जो माता-पिता/अभिभावकों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों और व्यापक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को एक ही मंच पर लाता है। यू-विन के माध्यम से पूरे देश में टीकाकरण की प्रगति एवं कवरेज की प्रभावी निगरानी आसानी से की जा सकती है। यू-विन के लाभार्थियों द्वारा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) एवं शिशु आभा आईडी बनायी जा सकती है। इससे रोगी की पूर्व सहमति से उसकी चिकित्सकीय जानकारी चिकित्सा पेशेवरों को उपलब्ध हो सकती है। इससे चिकित्सा पेशेवरों द्वारा एक ही नज़र में रोगी के पूर्व-चिकित्सा विवरण को समझकर उसके इलाज के परिणामों में सुधार लाया जा सकता है। यू-विन टीकाकरण की देय सूची बनाने में एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की भी सहायता करता है और लाभार्थियों को समय पर टीका लगाना सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयासों में सहयोग करता है।

पिछले 10 वर्षों में, भारत ने स्वास्थ्य परिचर्या में क्रांति लाने के लिए देश में ही विकसित स्वास्थ्य प्रणालियों पर भरोसा किया है। वर्ष 2014 में शुरू किए गए इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई-विन) ने टीकों को प्राप्त करने, संग्रहीत करने और अंतिम छोर तक वितरित करने के तरीके को बदल दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान, दुनिया ने भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम हेतु आधारभूत प्रौद्योगिकी को-विन की सफलता देखी, जिसने 18 महीने से भी कम समय में कोविड-19 टीकाकरण की 220 करोड़ खुराकें लगाने में मदद की। अब यू-विन से टीकाकरण सेवाओं का समस्त परिदृश्य परिवर्तन के लिए तैयार है, जिससे टीकाकरण कवरेज में काफी सुधार होगा। भारत जैसे-जैसे एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, सुदृढ़ टीकाकरण कार्यक्रमों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता सिर्फ एक स्वास्थ्य पहल नहीं है-बल्कि यह भविष्य के लिए एक आधारभूत निवेश है। उन्नत डिजिटल अवसंरचना और व्यापक जन स्वास्थ्य कार्यनीतियों के माध्यम से अपने सबसे कम उम्र के नागरिकों के टीकाकरण को प्राथमिकता देकर भारत न केवल रोकथाम योग्य बीमारियों से लड़ रहा है, बल्कि एक स्वस्थ, और आर्थिक रूप से सक्षम आबादी को भी बढ़ावा दे रहा है। ये प्रयास एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं, जहाँ कोई भी बच्चा जीवन रक्षक टीके लगवाने से वंचित न रहे, चाहे वह जम्मू और कश्मीर के बर्फीले क्षेत्रों में हों, कच्छ के रेगिस्तान में, अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं पर या अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के नीले पानी से घिरे गाँवों में रहता हो।

# कांग्रेस फिर एक बार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने को तैयार

//अनिल चतुर्वेदी//

**कांग्रेस फिर एक बार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने को तैयार होती दिख रही है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार की बजह टटोलने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे जो तीन सदस्यीय टीम बनाई उसमें शामिल नेता शायद ऐसा ही जबाव अपने नेता को देने की तैयारी में हैं। यह अलग बात है कि इस फ़ैक्ट्री फ़ाइंडिंग कमेटी में हरियाणा के पूर्व सीएम और इस चुनाव का सारा दारोमदार संभालने वाले भूपेन्द्र सिंह हुड्डा शामिल नहीं किए गए हैं।पर जिन्हें ज़िम्मेदारी दी गई है उनके नाम उजागर भले नहीं किए गए हैं पर कांग्रेसी सूत्र बता रहे हैं कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ के जो दो नेता जाँच के लिए हरियाणा भेजे गए उन्हें ज़मीनी स्तर पर लोगों से इस हार के कारणों को टटोलने के निर्देश दिए गए हैं।**

पर भला हार की इस निराशा में नेताओं की कितनी हिम्मत रहेगी घर-घर घूम कर हार की बाबत लोगों से पूछने की और सवाल उम्र का भी है सो आराम भी ज़रूरी होगा ही। तभी अगर दिल्ली के कांग्रेसी ही यह कहने लगें कि फ़ैक्ट्री पता करने गए ये दो नेता होटल में ठहर मोबाइल या फिर फ़ोन पर लोगों से बात कुछ पूछने के नाम पर यह पूछ रहे हों कि कि क्या हम ईवीएम की बजह से हारे हैं। तो नेता पर शक तो कोई भी कर ही सकता है ना! तब भला फ़ैक्ट्री फ़ाइंडिंग का मतलब भी क्या रह जाता है। अब भला हरियाणा हार का घूँट तो कांग्रेसी पाकर रह जाएंगे पर चिंता तो बाक़ी उन सूबों की सता रही है जहां हरियाणा हार का असर पड़ता कांग्रेसियों को दिख रहा है। भला होता कि गुटबाज़ी छोड़ कांग्रेसी हरिया जीतते और फिर बाक़ी सूबों में सीना तान कर चुनाव लड़ रहे होते। हरियाणा में जीत और जम्मू-कश्मीर में बेहतर प्रदर्शन से भाजपा ही नहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्साहित हैं। और तभी अब संघ महाराष्ट्र या झारखंड के चुनाव के लिए ही नहीं दिल्ली चुनाव को जीतने की तैयारी में लगा बताया जा रहा है। पिछले दिनों संघ की रणथंभोर में हुई दो दिन की बैठक हुई बैठक से दिल्ली के नेता खुश हैं। यह अलग बात है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की लोकसभा चुनावों के दौरान संघ को लेकर बयानबाज़ी से संघ के नेता नाराज़ बताए जा रहे थे पर हरियाणा की जीत ने इस नाखुशी को ख़त्म कर दिया ।चर्चा तो यह भी बताई जा रही है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर भी संघ अब दखल देने की जगह खुद को अलग रखे हुए हैं।

भाजपा के ही कुछ नेतो यहाँ कह रहे हैं कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की संघ को लेकर बयानबाज़ी के बाद संघ के मोंहन भागवत की नाराजग़ी के बावजूद जानते थे कि उनकी यह नाराजग़ी हरियाणा चुनाव में जीत के बाद ख़त्म हो जाएगी ,और हुआ भी ऐसा ही। संघ के ही एक अदने क़द के नेता तो यह भी कहने नहीं चूके कि संघ जानता है कि मोदी है तो मुमकिन है। ज़ाहिर है कि 2025 में विभिन्न राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर संघ तैयारी में लग गया है। बताया तो यह भी जा रहा है कि रणथंभोर में हुईसंघ की मीटिंग में ही दिल्ली चुनाव को लेकर भाजपा विधायकों,सांसदों और प्रांत व विभाग प्रमुखों को चुनावों की तैयारी में लग जाने को कह दिया है। दिल्ली के वरिष्ठ भाजपा विधायक की मानो तो संघ और पार्टी इस बार किसी भी शर्त पर दिल्ली का अपना वनबास ख़त्म करना चाहती है। अब संघ के बूते भाजपा क्या कर गुजरती है देखना बाक़ी है।

भाजपा दिल्ली की सत्ता के लिए बेताब हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता में बैठी आप पार्टी के अलावा कांग्रेस से चुनौती मिलनी है। दिल्ली के बदलते हालातों को देख भाजपा को आप पार्टी कमजोर होती दिख रही है। पार्टी के कई नेता मान बैठे हैं कि आप का मुस्लिम और दलित वोट आप से खिसक कर कांग्रेस की ओर जा सकता है ऐसे में इन दोनों पार्टियों के बीच वोटों की खींचातानी से भाजपा को राजनीतिक तौर पर फ़ायदा हो सकेगा। और तभी भाजपा इस चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोडऩा चाहती है। अब अगर कोई यह मान रहा हो कि भाजपा की यह रणनीति लोकसभा चुनाव के बाद बनी है तो ऐसा भी नहीं है। भाजपाई सूत्र मानते हैं कि लोकसभा चुनावों में टिकट बँटवारे के पहले ही भाजपा दिल्ली को लेकर चिंतित थी। और तभी उसने अपने सात में से छह सांसदों के टिकट काट नए चेहरे मैदान में उतारे। और सभी जीते भी। पर इनमें से तीन सांसदों को विधानसभा चुनावों उतारे जाना तय माना जा रहा है । इनमें रमेश बिधूडी ,प्रवेश वर्मा,और मीनाक्षी लेखी शामिल बताए जा रहे हैं। अब भले बाक़ी पूर्व सांसदों पर पार्टी दांव लगती है या नहीं यह अलग बात है पर चर्चा तो है कि इन तीनों को चुनाव की तैयारी शुरू करने के लिए भी कह दिया गया है। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फ़रवरी 2025 तक है। यानी चुनाव इसके बाद ही होने हैं। सत्ता में बैठी आप पार्टी ने चुनावी तैयारी एक हफ़्ते पहले ही से की हुई है। कांग्रेस ने ब्लाक और ज़िला स्तर पर संगठन को मज़बूत करना शुरू कर दिया है। तो भाजपा पीछे भी कैसे रहती सो उसने भी जिताऊ नेताओं से तैयारी का इशारा किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सातों सीटें बेख़ौफ़ जीती हैं सो हौसला उसका भी कोई कम बुलंद नहीं है। मुक़ाबला तिकोना होना है। तीनों पार्टियों में इस बार घमासान है।

## ब्रिक्स में मोदी के रूख अंहम और विचारणीय

लाख टके का सवाल है कि भारत का रूपया चीन की युआन, रूस के रूबल करेंसी के लेन-देन में सुरक्षित है या डालर की व्यवस्था में। आजादी के बाद विश्व व्यापार में भारत का डालर में लेन-देन क्या भरोसेमंद या सुरक्षित था या नहीं। और यदि सुरक्षित था तो वह क्यों चीन-रूस की युआन-रूबल की नई विश्व लेन-देन व्यवस्था का ग्राहक या साझेदार बने। क्या चीनी वर्चस्वता की व्यवस्था में भारत की व्यापारिक-आर्थिक संप्रभुता को अधिक गांरटी होगी। यह सवाल कजाक की ब्रिक्स बैठक में पुतिन, शी जिन पिंग के एजेंडे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूख में अंहम और विचारणीय है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मिसाल दी कि रूस और चीन अब अपना 95 प्रतिशत व्यापार रूबल और युआन में कर रहे है। उन्हे अमेरिकी डालर केंद्रीत अंतरराष्ट्रीय लेन देन व्यवस्था, स्विफ्ट की जरूरत नहीं है।

सवाल है पुतिन को ऐसी लॉबिग करने की जरूरत क्यों है? इसलिए क्योंकि यूक्रेन की लड़ाई के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर पाबंदियां लगाई है। वही चीन अपने आर्थिक साम्राज्य, भविष्य की सभ्यतागत धुरी के उद्देश्यों में, दुनिया के स्थाई नबर एक औद्योगिक कारखाने, व्यापार की नंबर एक हैसियत में स्वभाविक तौर पर सालों से चाह रहा है कि वैश्विक लेनदेन में डालर की जगह उसकी युआन करेंसी का उपयोग हो। कजाक की ब्रिक्स बैठक का यह प्रमुख उद्देश्य था। लेकिन गनीमत है जो भारत और ब्राजिल चीन के असली मकसद (वर्चस्वता) को लेकर सर्तक है। चीन ने पहले इंफ्रास्ट्रक्चर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव ( बीआरआई) और अब ब्रिक्स के नाम पर नई वैश्विक वित्तिय व्यवस्था का तानाबाना बनाया है। भारत उससे बचता, दूर रहता दिख रहा है। और यह सही है। कोई हर्ज नहीं है जो दो देश अपनी-अपनी करेंसी में एक-दूसरे याकि द्विपक्षीय आधार पर व्यापार करें। रूस और भारत में दशकों रूबल और रूपए में लेनदेन रहा है। अभी भी है। लेकिन भारत कैसे चीनी करेंसी युआन की प्राथमिकता में अपना लेनदेन बना सकता है। रूस, चीन, पाकिस्तान जैसे मवाली देशों की करेंसियों के एक्सचेंज में रूपए को क्यों बांधे। पहली बात इन करेंसियों में वैश्विक पैमाने की संपदा और लेनदेन नहीं है। दूसरे रूस और चीन जब व्यवहार में मवालीपना, देशों की एकता-अखंडता में हमलावर, वर्चस्ववादी, आंतकवाद के पोषक तथा हवाला लेन-देन वाले है तो इनकी टोकरी में अपने रूपए को रख भारत कितनी जोखिम मोल लिए हुए होगा। चीन और रूस नियंत्रित किसी भी सिस्टम में पारदर्शिता क्या हो सकती है, इसे समझना मुश्किल नहीं है। हकीकत है कि एक योरोपीय देश बेल्जियम से संचालित अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम की पारदर्शिता पर कभी ऊंगली नहीं उठी।

## तस्वीरों की दुनिया



आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने नई दिल्ली के रामलीला पार्क में कृत्रिम छठ घाट के निर्माण का निरीक्षण किया।



झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुजान मुंडा के समर्थन में जलडेगा में चुनावी रैली को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी।



मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने रविन्द्र भवन भोपाल में गोवर्धन एवं अन्नकूट पर्व के अवसर पर संबोधित किया।



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने परिवार के साथ शिमला स्थित अपने आवास पर गोवर्धन और अन्नकूट त्योहार के अवसर पर गोवर्धन पूजा करते हुए।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा के नगला तराई गांव में मां पूर्णागिरि मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गोवर्धन और अन्नकूट पर्व के अवसर पर भोपाल स्थित अपने निवास पर गौ सेवा की।

# कश्मीर में आतंकी हमले में मुजफ्फरनगर का जवान बलिदान, आज घर लाया जाएगा पार्थिव शरीर

**मुजफ्फरनगर, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शाहजुड़डी गांव का लाल विवेक देशवाल बलिदान हो गया। शनिवार देर रात सेना के अधिकारियों ने उनके स्वजन को सूचना दी तो घर मे कोहराम मच गया। स्वजन के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर रविवार शाम को गांव पहुंचेगा। विवेक देशवाल पुत्र सन्तरपाल देशवाल सेना में जवान थे। 2015 में सेना में भर्ती होने के बाद पिछले तीन वर्षों से जम्मू कश्मीर में इंडियन आर्मी 28एएडी में लांस नायक थे। 30 वर्षीय जवान विवेक देशवाल की तैनाती श्रीनगर में थी। शनिवार देर रात को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में बलिदान हो गए।



आर्मी की ओर से अधिकारियों ने फोन कर बलिदानी जवान के घर पर सूचना दी तो कोहराम मच गया। स्वजन को आर्मी अधिकारियों ने बताया कि विवेक देशवाल के सिर में छह गोलियां लगी हैं। पिता संतरपाल देशवाल के अनुसार, सेना के साथ मुठभेड़ थी या आतंकी हमला हुआ इसकी सही जानकारी नहीं दी गई। बलिदानी के चाचा नरेंद्र देशवाल ने बताया कि रविवार शाम चार बजे उनका पार्थिव शरीर दिल्ली एयरपोर्ट पहुचने के बाद गांव शाहजुड़डी लाया जाएगा। तैनाती स्थल से घर पर वीडियो कॉल कर अपने परिवार के साथ दीपावली पूजन कराने के साथ शनिवार दोपहर को भी अपने पिता से गोवर्धन पूजा के समय की जानकारी लेकर रात में गोवर्धन पूजा के समय वीडियो काल करने को कहा था। परिवार के लोगों ने शाम के समय उनके फोन के आने का इन्तजार कर पूजन कर लिया। रात लगभग 10 बजे सेना की ओर से आए फोन काल ने पूरे परिवार में कोहराम मचा दिया।बलिदानी विवेक देशवाल की मां का बीमारी के चलते इसी वर्ष अप्रैल में निधन हुआ था। मां की बीमारी के समय दिल्ली में अस्थायी तैनाती के बाद विवेक को पुनः श्रीनगर भेज दिया गया था। घर पर पिता, पत्नी व एक पांच वर्षीय पुत्र व साढ़े तीन वर्षीय पुत्री है। विवेक देशवाल के बलिदान होने की सूचना पर परिवार सहित पूरे गांव में शोक छा गया। पत्नी व पिता का रो रोकर बुरा हाल है।

मेरठ यूनिट के अधिकारियों ने स्वजन से सम्पर्क कर उन्हें सांत्वना दी।कश्मीर घाटी में हाल के दिनों में आतंकी हमलों में आई तेजी के पीछे नेशनल कान्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र नजर आ रहा है। फारूक ने शनिवार को कहा कि इन हमलों की किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच होनी चाहिए और आतंकियों को मारने के बजाय उन्हें पकड़कर उनसे पूछताछ की जानी चाहिए कि उनके पीछे कौन है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने फारूक के बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं और भारतीय बलों पर आरोप लगा रहे हैं।

## कोलकाता में महिला डॉक्टर को कैब चालक ने भेजा अश्लील वीडियो, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

कोलकाता के ईएम बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल की जूनियर महिला डॉक्टर को एक कैब चालक द्वारा उनके मोबाइल पर कथित रूप से अश्लील वीडियो भेजने और धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला डॉक्टर ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे महिला डॉक्टर ने इनड्राइव ऐप के जरिए कैब बुक की थी। पिकअप लोकेशन पर पहुंचने में देरी होने के कारण डाक्टर ने कैब रद कर दी।इसके बाद आरोप है कि कैब ड्राइवर ने महिला डॉक्टर को धमकी देने के साथ एक अश्लील वीडियो संदेश भेजा। यहां तक कि उसने कथित तौर पर महिला को कई बार फोन किया और अंत में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इसके बाद महिला डाक्टर ने इस घटना की शिकायत कोलकाता के पुलिस आयुक्त और साइबर सेल से ईमेल के माध्यम से की। इस बीच पीड़ित महिला डाक्टर के दो सहयोगियों डा सुनंदन बसु और पश्चिम बंगाल डाक्टर्स फोरम के डा तन्मय बनर्जी ने शनिवार दोपहर में पूर्व जादवपुर पुलिस स्टेशन में जाकर इस घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई।

पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में आरोपित कैब चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।वाट्सएप ने भारत में नीतियों का उल्लंघन सामने आने पर सितंबर में 85 लाख से अधिक बैड अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया। नए आइटी नियम 2021 के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म की मासिक अनुपालन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

## पास किया ड्राइविंग टेस्ट, फिर भी लाइसेंस के लिए देनी पड़ी रिश्वत, शख्स ने बताया आरटीओ ऑफिस का हाल



**बेंगलुरू, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

देश के परिवहन कार्यालयों अगर आप ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने गए होंगे तो आपने जरूर काफी समस्याओं का सामना किया होगा। सभी बड़ी समस्या ड्राइविंग टेस्क के दौरान आती है। क्योंकि लाइसेंस के लिए नौसिखिया ही जाते हैं जिनसे गलतीयां होती ही हैं। लेकिन सोचो आपको ड्राइविंग आती है और आपने टेस्ट भी पास कर लिया हो तो भी आपको रिश्वत देनी पड़ी तो कैसा लगेगा...ऐसा हुआ है बेंगलुरु के रहने वाले एक शख्स के साथ उसने अपनी व्यथा सोशल मीडिया पर शेयर की। उसने बताया कि कैसे उससे बेंगलुरु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में रिश्वत मांगी गई और अनुभव उसने सोशल मीडिया पर शेयर किया। शख्स ने बताया कि वह कस्तूरी नगर आरटीओ में ड्राइविंग टेस्ट के लिए गया था और उसने दावा किया कि लाइसेंस के लिए लिया जाने वाला ड्राइविंग टेस्ट सफलतापूर्वक पास कर लिया लेकिन टेस्ट को पूरा करने के तुरंत बाद गेट पर एक व्यक्ति ने उससे 1,000 रुपये मांगे।

उसने आगे बताया कि वह ड्राइविंग टेस्ट पार करके आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस कर रहा था। लेकिन उसे बताया कि यह भुगतान लाइसेंस प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। उस व्यक्ति ने लिखा कि लाइन में प्रतीक्षा कर रहे अन्य व्यक्तियों ने भी समान राशि का भुगतान किया था। उसने बताया कि यह काफी सामान्य लग रहा था यानी लोगों को देना ही देना है।उसको कुछ संदेह हुआ कि यह पैसे किस एवज में मांगे जा रहे हैं तो उसने शुरू में रिश्वत का अनुरोध करने वाले व्यक्ति को बताया कि उसके पास नकदी नहीं है लेकिन वह व्यक्ति बोला कि राशि को फोनपे के माध्यम से भी दे सकता है। इसके बात ना चाहते हुए भी उसको पैसे देने पड़े। इसके बाद उस व्यक्ति ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए किसी से संपर्क किया।अपने रेडिट पोस्ट में, बेंगलुरु निवासी ने खेद व्यक्त किया, काश उसने मांग का विरोध किया होता।

## ऑनलाइन गेमिंग के लिए 10वीं के छात्र ने अपने ही घर में करवाई 40 लाख की चोरी, उत्तराखंड में सामने आया चौंकाने वाला मामला

**गोपेश्वर, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

ऑनलाइन गेमिंग, ट्रेडिंग और महंगे शौक के चलते दसवीं के छात्र ने अपने ही घर में लाखों की चोरी करवा दी। चोर भी उसके दो नाबालिग दोस्त निकले। दोनों दीवार फांदकर घर में घुसे और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी से करीब 40 लाख के जेवर समेट ले गए। नैनीताल के एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने वाला चोरी का मास्टरमाइंड छात्र अपने दोस्तों का उधार नहीं चुका पा रहा था। उसने उसी को घर में चोरी करने भेज दिया जिसके 50 हजार रुपए उधार देने थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और कार के नंबर के आधार पर चोरों तक पहुंची। चोरी के समय छात्र खुद घर पर न रहकर देहरादून से दोस्तों को दिशा-निर्देश देता रहा। पुलिस ने तीनों को संरक्षण में लेकर बाल सुधार गृह पौड़ी भेजा है। एक महिला ने 31 अक्टूबर को थाना गोपेश्वर की पुलिस को बताया कि 27 अक्टूबर को वह अपनी बेटी से मिलने देहरादून गई थी। 30 अक्टूबर को किरायेदार ने घर के ताले टूटने की सूचना दी थी। गोपेश्वर पहुंचने पर मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अलमारी के लाकर से सास के जेवर गायब थे। इनकी कीमत लगभग 40 लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार ने इसे गंभीरता से



लेते हुए मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए और पुलिस उपाधीक्षक संजय गर्ब्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की।पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी की जांच की। कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस ने जांच के दायरे में टाटा नेक्सान वाहन को जांच के दायरे में रखा। उसके मूवमेंट और नंबर के आधार से पुलिस चोरों तक पहुंच गई। पता चला कि वाहन में घूमने वाले दो किशोर पीपलकोटी क्षेत्र के रहने वाले हैं। दोनों को संरक्षण में लेकर पूछताछ की गई तो मामले की परत खुलती गई।दोनों ने बताया कि जिस घर में चोरी हुई है उन्हीं का बेटा इसका मास्टरमाइंड है। इसके बाद पुलिस ने छात्र को भी देहरादून से चमोली लाया गया तो उसने पूरी कहानी उगल दी। पुलिस ने सभी आभूषण बरामद कर लिए हैं। चोरी में प्रयोग किए गए वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने चोरी का पर्दाफाश करने वाली टीम को 10 हजार रुपये दिए जाने की घोषणा की है।अपने घर में चोरी का ताना-बाना बुनने वाले छात्र के पिता की मौत हो चुकी है।

वह कारोबारी परिवार से जुड़ा है। जबकि दो अन्य किशोरों के पिता भी कारोबारी हैं।पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार के अनुसार छात्र लंबे समय से ऑनलाइन गेमिंग व ट्रेडिंग का शौकीन था। इसके लिए उसने दोस्तों से रुपये उधार लिए थे।कर्ज से छुटकारा पाने के लिए उसने अपने घर को निशाना बनाया।उसे पता था कि 29 अक्टूबर को उसकी मां देहरादून जाने वाली है, इसलिए दोस्तों को पूरी प्लानिंग समझा दी। अपना खुद ही मां से मिलने नैनीताल से देहरादून आ गया।वहां से फोन पर दोस्तों से हर बात साझा करता रहा।थानाध्यक्ष गोपेश्वर कुलदीप रावत, उपनिरीक्षक देवेंद्र पंत, अश्वनी बलूनी, अनिल बिन्जौला, मीता गुसांई, सतेंद्र बुटोला, कांस्टेबल महेंद्र, गिरीश, विवेक, नरेश पाल, रविंद्र सचिन, कृष्णा, संजय पाल, धर्मेंद्र, एसओजी टीम के उपनिरीक्षक प्रमोद खुगशाल, कांस्टेबल अंकित पोखरियाल, आशुतोष तिवारी, राजेंद्र रावत, रविकांत, यूनुस बेग।

## `दादा की गोद से छह माह की नातिन को छीन ले गए बदमाश, इलाके में फैली सनसनी

**गुना-आरोन, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

नगर की सरस्वती कालोनी से शनिवार शाम करीब 5.35 बजे घर के बाहर बैठे दादा की गोद से उसकी छह माह की नातिन का दो मोटरसाइकिल सवार 5-6 बदमाश अपहरण कर ले गए। मामले में पुलिस सीसीटीवी खंगालने के साथ बदमाशों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सरस्वती कालोनी में शनिवार शाम बलराम रघुवंशी अपने घर के बाहर छह माह की नातिन को गोद में लेकर बैठे हुए थे। इस दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार 5-6 युवक आए और किसी हरिया नाम के व्यक्ति का पता पूछने लगे। इस पर बलराम ने जानकारी न होने की बात कही। इसके बाद युवक हरकत में आए और बलराम की गोद में खेल रही छह माह की नातिन को छीन लिया और मोटरसाइकिलों से भाग गए। बदमाशों में से कुछ ने तौलिया से अपने मुंह ढंक रखे थे, तो कुछ के चेहरे बलराम ने देखे हैं। छह माह की बच्ची बलराम के पुत्र सोनू की पुत्री है। घटना के बाद से स्वजनों में हड़कंप मच गया, वहीं सरस्वती कॉलोनी में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

इस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।इधर, घटना के बाद नगर में तरह-तरह की चर्चाएं भी चल उठी हैं। कहीं फिरौती की चर्चा हो रही है, तो कहीं आपसी विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कही जा रही है।

## दोस्त का इंतजार कर रहे युवक को मारी गोली, पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश दबोचा

**पूर्वी दिल्ली।** सीलमपुर इलाके में शुक्रवार को एक युवक ने गली में खड़े होने की वजह नहीं बताई तो तीन लोगों ने उसके पैर में गाली मार दी। वारदात के बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में अमन कुमार को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया।पीड़ित की शिकायत पर सीलमपुर थाना ने हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी की है। शनिवार रात को सीलमपुर थाना ने एक बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अदनाम के रूप में हुई है। उसके साथियों के बारे में पुलिस पता लगा रही है।जिला पुलिस उपायुक्त राकेश पावरिया ने बताया कि अमन कुमार अपने परिवार के साथ सीलमपुर ई-ब्लाक में रहता है। वह शुक्रवार रात को जे ब्लाक में रहने वाले अपने अपने दोस्त से मिलने के लिए गया था। गली में खड़ा होकर दोस्त के आने का इंतजार कर रहा था। इस दौरान वहां तीन लोग आए और युवक से गली में खड़े होने की वजह पूछने गले। उसने वजह बताने से इनकार किया तो आरोपितों ने उसके पैर में गाली मार दी। सीलमपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम बनाई। हेड कांस्टेबल नवनीश व कांस्टेबल मनीष को सूचना मिली कि वारदात में शामिल एक बदमाश धर्मपुरा लाल बत्ती के पास तिकोना पार्क में किसी से मिलने के लिए आने वाला है। पुलिस की टीम जैसे ही पार्क में पहुंची, बदमाश ने उनपर गोलियां चला दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए नवनीश ने भी दो गोलियां चलाई। एक गोली बदमाश के दाएं पैर में जा लगी। घायल को इलाज के लिए एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया। वसुंधरा एन्क्लेव स्थित अनेकांत अपार्टमेंट के अंदर शुक्रवार रात को बिना वजह कार का हार्न बजाने का विरोध करने पर दो सगी बहनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीएसपी पर हमला कर दिया।

## दीवाली के बाद प्रदूषण का कहर, एनसीआर के तीन शहर देश के सबसे प्रदूषित 10 शहरों में शामिल



**नईदिल्ली, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

एक स्वतंत्र शोध संगठन सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लिन एयर (सीआरईए) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दीपावाली की आतिशबाजी के कारण देश के दस प्रदूषित शहरों में दिल्ली सहित एनसीआर के तीन शहर शामिल रहे। दीपावली की अगली सुबह एक नवंबर को गाजियाबाद में पीएम 2.5 का स्तर सबसे अधिक रहा। इस वजह से गाजियाबाद में प्रदूषण सबसे अधिक रहा। वहीं दिल्ली तीसरा व मेरठ चौथा प्रदूषित शहर रहा।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दीपावली से पहले 30 अक्टूबर को 269 शहरों में 165 शहरों में पीएम 2.5 का मानक नेशनल एंबिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड (एनएएक्यूएस) के मुताबिक था। बाकी 104 शहरों में मानक अधिक था। दीपावली के दिन 142 शहरों में पीएम 2.5 का स्तर मानक से अधिक पहुंच गया। वहीं दीपावली की अगली सुबह 159 शहरों में पीएम 2.5 का स्तर मानक से अधिक पहुंच गया।इसमें राजस्थान व महाराष्ट्र में शहर अधिक हैं। दीपावली से पहले 51 शहरों में हवा की गुणवत्ता अच्छी थी। वहीं दीपावली के बाद सिर्फ 26 शहरों में ही हवा की गुणवत्ता अच्छी रही। बेहद खराब एयर इंडेक्स वाले शहरों की संख्या आठ से बढ़कर 50 हो गई। राजधानी दिल्ली में शनिवार को सुधार के बाद एयर इंडेक्स बढ़ना शुरू हुआ और शाम चार बजे दिल्ली का एयर इंडेक्स 316 पहुंच गया।

## बिना बात के मारता था थप्पड़, फिर साथ में पीता था शराब, चॉपर से शख्स के कर दिए टुकड़े, कातिल का कबूलनामा

**पश्चिमी दिल्ली, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

एक मंदिर के पुजारी ने एक व्यक्ति की चॉपर से वार कर इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वह अक्सर पुजारी को बिना बात के थप्पड़ मारता था और डांट लगा देता था। ऐसा अक्सर तब किया जाता था, जब दोनों साथ बैठकर शराब पीते थे। पालम थाना पुलिस हत्या के इस मामले को सुलझाते हुए आरोपित पुजारी को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम उचित रावत है वहीं मृतक का नाम देवदास शर्मा है। मामले की छानबीन जारी है। देवदास राजनगर पार्ट 2 स्थित पीपल वाली गली में एक महिला के साथ रहते थे। महिला अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आंध्र प्रदेश स्थित अपने गांव गई हुई थी। देवदास के घर से चंद कदमों की ही दूरी पर एक मंदिर है, जिसमें उचित पुजारी का काम करते थे। उचित अक्सर देवदास के घर आते थे। महिला के जाने के बाद आना-जाना कुछ ज्यादा हो गया। उचित और देवदास साथ बैठकर शराब पीने लगे। 21 अक्टूबर को उचित व देवदास के साथ उन्हीं के घर में जब साथ बैठकर शराब पी रहे थे, तब दोनों में कहासुनी हुई। आरोप है कि इस दौरान देवदास ने एक बार फिर उचित को थप्पड़ जड़ दिया। इस बात से गुस्साए उचित ने कमरे में रखा चॉपर उठाया और देवदास पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जब उचित को लगा कि देवदास अब दम तोड़ चुके हैं, तब वह वहीं शांत होकर बैठ गया। देर रात जब वह वहीं मौके पर सोने की कोशिश कर रहा था, तभी उसे लगा कि देवदास अभी जीवित है।उनके शरीर में जब हरकत हुई तो उचित ने एक बार फिर क्रूरता दिखाई और तकिया देवदास के मुंह पर रखकर उनका दम घोट दिया। देवदास ने दम तोड़ दिया। देवदास मर चुके हैं, इसे लेकर पूरी तरह निश्चिंत होने के बाद उचित वहां पूरी रात सोया। सुबह उसने शव को कमरे में रखे एक बोरे में बंद कर वहीं छिपा दिया।देवदास के एक किराएदार इसी इमारत के सबसे उपरी तल पर रहते हैं।

उस फ्लैट के मोटर का स्विच देवदास के फ्लैट में है। देवदास रोजाना इसे चलाते थे, ताकि किराएदार की टंकी भर जाए। उचित को लगा कि यदि मोटर नहीं चलेगा तो सभी को संदेह होगा और वह फंस सकता है। हत्या के बाद अगली सुबह उसने मोटर चलाया और नहाया। इसके बाद वह फ्लैट से निकल गया। इसके बाद वह 25 अक्टूबर तक मोटर चलाता रहा। जब उसे पता लगा कि किराएदार कहीं दूसरी जगह गया है तब उसने 26 से मोटर चलाना बंद कर दिया। 27 अक्टूबर को ही दिल्ली छोड़कर फरार हो गया। इधर 29 नवंबर को जब किराएदार अपने घर आया तो उसने देवदास के मोबाइल पर काल किया कि वे मोटर चलाएं।

# पुलवामा में हिजबुल मुजाहिदीन का मददगार गिरफ्तार, ग्रेनेड-पिस्टल समेत हथियार बरामद, तैयार कर रहा था नया आतंकी मॉड्यूल


**श्रीनगर, 03 नवंबर [एजेंसी]।**

सुरक्षाबलों ने शनिवार को अपने आतंकरोधी अभियान को जारी रखते हुए दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में सक्रिय हिजबुल मुजाहिदीन के एक मददगार को पकड़ लिया। उसके पास से एक पिस्तौल और दो ग्रेनेड भी बरामद किए हैं।इसकी गिरफ्तारी गत मंगलवार को पकड़े गए आतंकी मौलवी दानिश बशीर अहंगर से मिले सुरागों के आधार पर हुई है। दानिश को सेना के खुफिया विंग की सूचना पर उस समय पकड़ा गया था जब वह अपनी स्कूटी की डिक्की में 10 ग्रेनेड लेकर लेकर जा रहा था।पुलवामा से मिली जानकारी के अनुसार, दानिश बशीर से मिले सुरागों के आधार पर सेना के खुफिया विंग ने पुलवामा और उसके साथ सटे इलाकों में सक्रिय विभिन्न सदिंग्ध तत्वों को चिह्नित कर उनकी निगरानी की।निगरानी के दौरान उसे टहाब पुलवामा में रहने वाले सज्जाद अहमद डार के बारे में पता चला। छानबीन की गई तो पाया गया कि वह हिजबुल मुजाहिदीन के पुराने और कट्टर मददगारों में एक है।सभी आवश्यक सबूत जमा करने के बाद सेना की 55 आरआरके जवानों ने एक पुलिस दल के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया। सज्जाद अहमद डार से जब पूछताछ गई तो



पहले वह मुकर गया, लेकिन जब उसके खिलाफ जमा सबूत उसे दिखाए गए तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर सुरक्षाबलों ने उसकी दुकान से एक पिस्तौल व दो ग्रेनेड भी बरामद किए हैं। पूछताछ में उसने बताया कि वह पुलवामा में हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर ए तैयबा के लिए नए आतंकियों का एक मॉड्यूल तैयार कर रहा था। उसने ही दानिश को पाकिस्तान स्थित अपने एक हैंडलर के साथ मिलकर आतंकी बनने और सुरक्षाबलों पर हमले के लिए तैयार किया था।जम्मू कश्मीर में शांति बहाली और चुनावों में जनता की रिकॉर्ड भागीदारी से हताश पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने घाटी में हालात बिगाड़ने के लिए आतंकी संगठनों को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। वादी में बीते एक पखवाड़े के दौरान हुए आतंकी हमले उसके इसी षडयंत्र की तरफ संकेत करते हैं, जिसे विफल बनाने के लिए सुरक्षाबलों ने भी अपनी कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। प्रदेश प्रशासन और केंद्र सरकार ने आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को कार्रवाई की पूरी स्वतंत्रता दे दी है। उल्लेखनीय है कि गत 18 अक्टूबर से दो नंवबर तक घाटी में आतंकियों के पांच हमलों में दो सैन्यकुली, दो सैन्यकर्मी बलिदानी हो चुके हैं।

## छह बच्चों के लिए अंधकार लेकर आई दीवाली, पटाखे जलाने से गई आंखों की रोशनी, कई गंभीर रूप से घायल



**जयपुर।** दीपावली का त्योहार खुशियां लेकर आता है। लोग पूजा-अर्चना कर समृद्धि की कामना करते हैं। दीपों और लाइटों से की रोशनी से चारों तरफ प्रकाश होता है, वातावरण जगमग हो जाता है, लेकिन जयपुर में कई बच्चों के लिए यह त्योहार अंधकार लेकर आया।गौरतलब है कि दीपावली में पटाखे जलाने का चलन है और इसके कारण हर बार हादसे की भी खबरे आती हैं। इस बार भी देश के अलग-अलग कोनों से पटाखों की वजह से हादसे की खबर आई। राजस्थान में भी दीपावली के मौके पर आतिशबाजी और पटाखे चलाने को लेकर हुए विभिन्न हादसो में एक सौ से अधिक लोग घायल हुए।इनमें जयपुर स्थित प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मान सिंह अस्पताल में आसपास के जिलों के आधा दर्जन बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें से छह बच्चों की आंखों की रोशनी चली गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनील भाटी ने बताया कि बच्चों की आंखों का ऑपरेशन कर कुछ हद तक ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। आंख में बारूद जाने के कारण एक युवती की भी आंख की रोशनी चली गई है।अधीक्षक डॉक्टर के अनुसार दीवाली के मौके पर अस्पताल में दिन-रात हुझ चालू रख ऑपरेशन किए गए। दीवाली के दिन करीब 80 मरीज ऐसे पहुंचे जो आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झूलस गए थे। इसमें से करीब 10 मरीज गंभीर स्थिति में हैं।

# पर्यटन के क्षेत्र में जशपुर ले रहा नया रूप



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सार्थक पहल से जशपुर जिला पर्यटन के क्षेत्र में नया रूप ले रहा है। इसके साथ ही व्यापक स्तर पर एडवेंचर और इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही विगत दिवसों में मायली नेचर कैंप में सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकार की पहली बैठक आयोजित किए है।

छत्तीसगढ़ का जशपुर जिला सुंदर वादियों और नदी पहाड़ झरना से परिपूर्ण खूबसूरत और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है अब जिला तेजी से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां के घने जंगल, पर्वतीय क्षेत्र, और अनोखी आदिवासी संस्कृति ने जशपुर को एक विशेष पहचान दिलाई है। जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। जहां विगत दिवस 4 दिवसीय देश देखा में जम्बूरी उत्सव का आयोजन किया गया है। जहां बड़ी संख्या में युवाओं ने यहां पर्यटन का आनंद लिया नजदीक से जशपुर की लोकल संस्कृति परम्परा और कर्मा नृत्य का अनुभव जाना। पर्यटकों को रोमांचक अनुभव प्रदान करना है, बल्कि उन्हें जशपुर की प्राकृतिक और सांस्कृतिक संपदा से भी जोड़ना है।



जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है। उनका उद्देश्य एक ऐसा पर्यटन मॉडल तैयार करना है, जो न केवल पर्यटकों के लिए रोमांचक हो, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी बनाए रखे पर्यटन को प्रकृति के करीब पहुंचाने का प्रयास किया है। प्राकृतिक संपदा जैसे घने जंगलों, पहाड़ियों और जल संसाधनों को भी पर्यटकों के अनुभव का हिस्सा बनाया है, जिससे न केवल पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव मिलता है, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी रोजगार मिलता है। जशपुर की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के करीब लाना है। इसके तहत पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियाँ जैसे, बर्ड वॉचिंग, और प्राकृतिक स्थल भ्रमण आयोजित किए जाते हैं। इन गतिविधियों से पर्यटकों को पर्यावरणीय स्थिरता का भी ज्ञान मिलता है।

एडवेंचर टूरिज्म

रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रेकिंग, और नदी के किनारे कैंपिंग जैसी गतिविधियाँ पर्यटकों के लिए रोमांचक अनुभव साबित होती हैं। जशपुर के प्राकृतिक परिदृश्य में आयोजित इन गतिविधियों के जरिए पर्यटक न केवल जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता को देख सकते हैं, बल्कि साहसिक खेलों का आनंद भी ले सकते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करने के लिए अनुभवात्मक पर्यटन का प्रारूप तैयार किया है। पर्यटक यहां स्थानीय व्यंजनों का स्वाद, आदिवासी कला और शिल्प वर्कशॉप्स, और पारंपरिक नृत्य-संगीत का आनंद ले सकते हैं।

स्थानीय समुदाय की भागीदारी और योगदान

स्थानीय समुदाय को रोजगार के अवसर प्रदान कर, सामुदायिक विकास में अपना योगदान दिया है। स्थानीय गाइड्स, शिल्पकार, और साथ जुड़कर न केवल अपने परिवार की सहायता कर रहे हैं बल्कि जशपुर की सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य केवल पर्यटकों को आकर्षित करना नहीं है, बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति को जीवित रखना भी है। जिला प्रशासन स्थानीय कलाकारों के हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को उनके स्टोर पर प्रदर्शित करता है, जिससे स्थानीय शिल्पकारों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का मंच मिलता है। साथ ही, यह स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके किसानों और शिल्पकारों को आर्थिक समर्थन प्रदान कर रहा है।

आने वाले पाँच वर्षों में योजना है कि जशपुर को छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाया जाए, जहां पर्यटक प्रकृति, रोमांच, और संस्कृति का अनूठा अनुभव प्राप्त कर सकें। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए, कार्यक्रमों में इको-फ्रेंडली दृष्टिकोण को शामिल कर रहा है।


# ज्यादा पानी पीने से तेजी से कम होता है वजन, जानें इस बात में कितनी सच्चाई

बढ़ते वजन की वजह से ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं. वजन घटाने के लिए लोग क्या कुछ नहीं करते लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद हल्का-फुल्का ही अंतर नजर आता है. ऐसे में कुछ लोग स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो कर वेट लॉस करते हैं तो कुछ दिन में घंटे पसीना बहाते हैं. कई लोग तो कई दिनों तक वाटर फास्टिंग कर भी तेजी से वजन कम कर लेते हैं. लोगों का मानना है कि ज्यादा पानी पीने से जल्दी वजन कम होता है. क्या बात है जल्दी वजन कम करने के लिए जरूर से ज्यादा पानी पीने की जरूरत है. आईए जानते हैं.

पानी को जीवन के लिए बहुत जरूरी कहा जाता है. पर्याप्त पानी पीना सेहत के लिए भी जरूरी कहा जाता है. कहते हैं कि सही मात्रा में पानी पीने से वजन भी कम हो सकता है. कई जगह कहा जाता है कि गर्म पानी पीने से आप वजन घटा सकते हैं. लेकिन क्या ये वाकई सच है या फिर एक भ्रम. चलिए आज जानते हैं पानी को लेकर कुछ मिथ और उनकी सच्चाई

पानी पीने से वजन कम होगा?

अगर यह कहा जाए की पानी पीने से वजन कम होता है तो इस बात में कोई सच्चाई नहीं है. सिर्फ पानी पीकर वजन नहीं घटाया जा सकता बल्कि शरीर में दूसरी कमियां जन्म ले सकती हैं. पानी पीने से वजन कम नहीं होता है लेकिन गुनगुने पानी में अगर कुछ हर्ब्स और मसाले मिलाएं जाएं तो ये वजन कम कर सकता है. जैसे सौंफ, अजवाइन, जीरा, शहद, हल्दी आदि.



जितना ज्यादा पानी, उतनी सेहत अच्छी?

ये सही नहीं है. पानी पीना अच्छा है लेकिन लिमिट से ज्यादा पानी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है.इससे शरीर में सोडियम का स्तर गिर सकता है और वाटर रिटेंशन की समस्या भी हो सकती है.

वजन कम करने के लिए कम से कम आठ गिलास पानी पीना है जरूरी

इसमें कुछ हद तक सच्चाई है. शरीर को सही तौर पर हाइड्रेट रखने के लिए छह गिलास पानी जरूरी कहा जाता है. कुछ लोग आठ गिलास पानी भी पीते हैं क्योंकि ये शरीर पर निर्भर करता है.

पानी का नेचर ही भरना है. वेट लूज करने में लगे लोग भोजन करने से पहले पानी पीते हैं. इससे उनके शरीर में जाने वाले भोजन का पोर्शन कम हो जाता है. वेट लूज करने के लिए और भूख पर नियंत्रण रखने के लिए भोजन से आधा घंटा पहले पानी पीने से लाभ मिलता है.

हाइड्रेशन के लिए पानी है जरूरी

आमतौर पर लोग मानते हैं कि शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पानी जरूरी है. लेकिन ये पानी और पेय पदार्थ पर भी निर्भर करता है. हम किस तरह का पानी पी रहे हैं, वो कितना फायदेमंद है. अगर आप एक गिलास पानी के बदले तरबूज खा लें या खरबूजा खा लें तो भी आपकी बॉडी हाइड्रेट हो जाएगी. इसी तरह सलाद, ककड़ी, खीरा, टमाटर आदि चीजों में भी ढेर सारा पानी होता है. आप इनका सेवन करके भी शरीर में पानी की जरूरत पूरी कर सकते हैं.

## अनिल कपूर ने शुरू की एक्शन-ड्रामा फिल्म की शूटिंग

फिल्म जगत के सुपरस्टार अनिल कपूर जल्द ही आगामी फिल्म 'सूबेदार' में अपनी एक्टिंग से सभी का दिल जीतते नजर आएंगे. फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं. सुरेश त्रिवेणी ने मनोरंजन जगत को 'जलसा' और 'तुम्हारी सुलु' जैसी सफल फिल्में दी हैं. फिल्म निर्माता ने एक पोस्ट साझा कर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की है. इसके साथ ही निर्माता ने फिल्म से अनिल कपूर का लुक भी साझा किया है. फिल्म में अनिल कपूर के साथ राधिका मदान भी मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म में राधिका अनिल कपूर की बेटी श्यामा की भूमिका निभाती नजर आएंगी. अनिल कपूर और राधिका मदान के साथ-साथ और भी कई शानदार कलाकार अहम रोल में हैं. वहीं, फिल्म की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो 'सूबेदार' भारतीय पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें सूबेदार अर्जुन मौर्य की कहानी दिखाई गई है. इसमें वह तमाम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की चुनौतियों से जूझता है।

## स्त्री 2 के मेकर्स की नई हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा का एलान




स्त्री 2 के मेकर्स दिनेश विजान ने दिवाली से पहले बड़ा धमाका कर दिया है. मडोक फिल्म्स के मालिक दिनेश विजान ने अपनी नई हॉरर-कॉमेडी, लवस्टोरी का फिल्म थामा का एलान कर दिया है. फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना के साथ साउथ फिल्म एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाली हैं. मौजूदा साल में फिल्म स्त्री 2 और मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर करने के अब दिवाली 2025 पर बॉक्स ऑफिस फिर धमाका करने की तैयारी है.बता दें, आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना के अलावा फिल्म में परेश राव और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहम रोल में होंगे. फिल्म थामा के एलान के साथ इसकी स्टारकास्ट का खुलासा एक टीजर शेयर कर किया गया है. फिल्म थामा एक हॉरर-कॉमेडी होने के साथ-साथ एक खौफनाक प्रेम कहानी के एंगल को भी दिखाएगी.बता दें, फिल्म थामा दिवाली 2025 के मौके पर रिलीज होने जा रही है. फिल्म थामा को आदित्य सरपोतदार डायरेक्टर करेंगे, जिन्होंने पहले मुंज्या जैसी हिट फिल्म बनाई थी. फिल्म थामा की कहानी निरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखी है. फिल्म थामा का निर्देशन दिनेश विजान और स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक हैं. बता दें, स्त्री 2 इंडियन सिनेमा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.स्त्री 2 ने हिंदी में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शाहरुख खान की फिल्म जवान और पठान का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है. वहीं, इस दिवाली भूल भुलैया 3 और कॉप एक्शन ड्रामा फिल्म सिंघम अगेन रिलीज होने जा रही है.

## शब्द सामर्थ्य -224


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 223 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## किडनी स्टोन का रिस्क होगा कम

### बस रोजाना सुबह उठकर पिएं संतरे का जूस



संतरे का जूस सेहत के लिए जबरदस्त तरीके से फायदेमंद होता है. इसमें विटामिन सी, पोटैशियम, और फाइबर जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो हमें सेहतमंद रखने में मदद करते हैं. इस जूस में विटामिन बी-9 और फोलेट भी मिलता है, जो ब्लड सर्कुलेशन ठीक रखने में मदद करता है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर हर दिन दो गिलास ऑरेंज जूस पिया जाए तो ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होती है. यह ऑक्सिजनेटेड ब्लड फ्लो बॉडी में बनाए रखता है, जिससे हार्ट प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं. संतरे का जूस किडनी स्टोन में भी फायदेमंद होता है. यह इसका खतरा कम करता है. संतरे के जूस में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो शरीर को डिटॉक्स कर हेल्दी रखने में मदद करते हैं. एक्सपर्ट्स के अनुसार, संतरे का जूस विटामिन सी, पोटैशियम, साइट्रिक एसिड और फोलेट जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है. साइट्रिक एसिड यूरिन के पीएच वैल्यू को सही रखने में मदद करता है और किडनी स्टोन बनने से रोकता है. हर दिन सुबह ताजे संतरे का जूस पीने से किडनी स्टोन की समस्या नहीं होती है.

किडनी स्टोन का खतरा कैसे घटाता है संतरे का जूस किडनी स्टोन मुख्य तौर पर दो तरह की होती है. पहला- कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन, जो बेहद कॉमन है और दूसरी- यूरिक एसिड स्टोन, जो शरीर में यूरिक एसिड के बढ़ने का कारण होती है. दोनों तरह की पथरी में संतरे का जूस फायदेमंद होता है. इस जूस से यूरिन में साइट्रेट का लेवल बढ़ जाता है, जो कैल्शियम ऑक्सालेट के साथ मिलकर किडनी स्टोन के रिस्क को कम करता है. इसके कुछ गुण यूरिक एसिड को कम करने में भी मददगार होते हैं. अगर घर में किसी को किडनी स्टोन की समस्या है और इससे छुटकारा पाना चाहते हैं तो रोजाना सुबह उठकर खाली पेट एक गिलास ताजे संतरे का जूस पीना चाहिए. नियमित तौर पर ऐसा करने से किडनी स्टोन का खतरा टलता है और शरीर से गंदगी भी बाहर निकल जाती है.

किडनी स्टोन से बचने क्या करें, क्या नहीं, ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं. डाइट में कैल्शियम की मात्रा बढ़ाएं. नमक जितना कम हो सके, उतना खाएं. खाने में प्रोटीन को बैलेंस रखें.

## नानी की फिल्म हिट द थर्ड केस में हुई श्रीनिधि शेट्टी की एंट्री!



अभिनेता नानी तमिल सिनेमा का एक प्रमुख चेहरा हैं। अपनी अदाकारी से वह लाखों दिलों पर राज करते हैं। मुश्किल से मुश्किल किरदार को आसानी से निभाने की कला की वजह से प्रशंसक उन्हें प्यार से नेचुरल स्टार कहते हैं। वह इन दिनों अपनी फिल्म फिल्म सारिपोधा सानिवारम की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने सूर्या नाम के शख्स का किरदार निभाया है।

इस फिल्म के बाद नानी ने कोई ब्रेक नहीं लिया है और अब अपनी आगामी फिल्म हिट द थर्ड केस की शूटिंग में जुट गए हैं। शैलेश कोलानू के निर्देशिन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल विजाग में चल रही है। ताजा चर्चा यह है कि केजीएफ में अपनी भूमिका से लोगों पर अपनी अदाकारी की गहरी छाप छोड़ने वाली श्रीनिधि शेट्टी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सिद्धू जोनालागड्डा अभिनीत तेलुसु काडा के बाद यह उनकी दूसरी तेलुगु फिल्म है। हिट 3 का निर्माण प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा वॉल पोस्टर सिनेमा के तहत, यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ मिलकर किया जा रहा है। मिकी जे मेयर इस एक्शन ड्रामा के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। इस फिल्म को अगले साल रिलीज करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## गुलाबी साड़ी पहन भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने कराया बोल्ड फोटोशूट

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने कातिलाना अंदाज से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही खूबसूरत फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर कहर बरपा रहा है। एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं



मोनालिसा ने गुलाबी और ऑरेंज कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। खुले बाल, माथे पर बिंदी और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस साड़ी लुक को बेहद ही खूबसूरत तरीके से निखारा है। मोनालिसा भले ही इन दिनों किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# डयूटी जाने निकले ठेका कर्मी की मिली लाश, हत्या का संदेह



**बिश्रामपुर।** दिवाली की सुबह करंजी गांव स्थित अपने घर से रेलवे सब स्टेशन बिश्रामपुर ड्यूटी जाने निकले ठेका कर्मचारी का शव दूसरे दिन शुक्रवार को संदिग्ध अवस्था मे शिवनन्दनपुर बिश्रामपुर स्थित शासकीय शराब दुकान के समीप बिना जगत के अनुपयोगी कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया कि दिवाली की रात शराब दुकान के समीप शराब पीने के दौरान ही मृतक युवक का अपने सहकर्मी के साथ विवाद हुआ। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर स्वजन हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

बता दें कि मृतक विनसेंट आमोस लूकस पिता स्वर्गीय किशोर लूकस 33 वर्ष ठेका कर्मचारी था। वह नगर में स्थित रेलवे विद्युत सब स्टेशन में पैनल ऑपरेटर का काम करता था। दिवाली की सुबह छह बजे वह ग्राम करंजी के यादव पारा स्थित अपने घर से स्कूटी में निकला था। दोपहर दो बजे तक ड्यूटी थी, लेकिन उसके रिलीवर के नहीं पहुंचने पर उसने अपनी पत्नी को मोबाइल पर काल कर बताया था कि वह रात दस बजे तक ओवरटाइम ड्यूटी करेगा। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी तलाश प्रारंभ की गई थी। घटना स्थल पहुंचने पर पता चला कि वह दिवाली की रात नौ बजे अंबिकापुर निवासी अपने सहकर्मी अरविंद लकड़ा के साथ शराब पीने कार्य स्थल से अपनी स्कूटी में शिवनंदनपुर बिश्रामपुर स्थित शासकीय शराब दुकान जाने के लिए निकला था। वहां से वह गायब हो गया था। उसके सहकर्मी अरविंद लकड़ा ने कार्यस्थल पहुंचकर सहकर्मियों को बताया था कि शराब पीने के दौरान दो युवकों से विनसेंट का झगड़ा हो गया था और वह भाग कर वापस आया है। जानकारी मिलने पर उसके सहकर्मी वसीम समेत दोस्त राहुल एवं आरक्षक दोस्त मनोज कुमार देर रात घटनास्थल पहुंचे थे और उन्होंने शराब दुकान के आसपास काफी देर तक उसकी तलाश की थी। इस दौरान उन्हें विनसेंट का कोई पता नहीं चला था और न ही उसकी स्कूटी उन्हें मिली थी। शुक्रवार को सुबह घटना स्थल के समीप विनसेंट की स्कूटी खड़ी मिलने और समीप ही रोड किनारे झाड़ियों के बीच बिना जगत के अनुपयोगी कुआं होने की जानकारी मिलने पर नगर सेना की डीडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम प्रभारी बीरबल गुप्ता ने अंडरवाटर कैमरा कुआं में डालकर देखा, तो पाया कि कमरे में एक हाथ नजर आ रहा है। उसके बाद फोरेंसिक विभाग की टीम को बुलाया गया और काफी मशक्कत करने के बाद नगरसेना की रेस्क्यू टीम ने कुएं से मृतक का शव बरामद कर बाहर निकाल कर विश्रामपुर पुलिस के हवाले किया। शनिवार को मृतक युवक की मां एवं स्वजन के जबलपुर से पहुंचने के बाद युवक के शव का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराया गया। इधर पुलिस ने संदेही सहकर्मी समेत दो अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है।

संबंधित सूत्रों ने बताया कि मृतक युवक एवं उसका सहकर्मी अरविंद लकड़ा शासकीय शराब दुकान से शराब लेकर शराब दुकान के सामने रोड के दूसरी तरफ मनोज सिंह के घर की परछी में शराब पी रहे थे और वही उनके समीप दो अन्य युवक भी शराब पी रहे थे। उसी समय शराब पीने के दौरान मृतक युवक का शराब पीने को लेकर अपने सहकर्मी अरविंद लकड़ा से विवाद होने लगा था। उसके बाद क्या हुआ इस बात का संशय बरकरार है। पुलिस मामले की हकीकत जानने बारीकी से पूछताछ में जुटी है। बता दें कि शासकीय शराब दुकान के आसपास संचालित चखना सेंटर में शराबी प्रवृत्ति के लोगों का आए दिन बाद विवाद होता रहता है। मारपीट की अनेकों घटनाएं घटित हो चुकी है। इसकी वजह से आने को बात शराब दुकान के आसपास संचालित चखना सेंटरों की मांग होती रही है।

## कुएं में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

**सूरजपुर।** प्रेमनगर ब्लाक के पार्वतीपुर गांव में शनिवार को नहाने के दौरान कुएं में डूब जाने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों मृतक सगे भाई थे। घटना की खबर से मृतक के घर कोहराम मच गया। घटना उमेश्वरपुर चौकी इलाके के ग्राम पार्वतीपुर की है। शनिवार सुबह करीब नौ बजे के पार्वतीपुर ग्राम निवासी नंदकुमार साहू का पुत्र राजीव साहू 11 वर्ष और विशाल साहू सात वर्ष स्नान करने के लिए घर के सामने खेत स्थित कुंए में गए थे। नहाने के दौरान दोनों भाई कुएं के पानी में डूब गए। इससे दोनो की मौत हो गई। आधे घण्टे तक दोनो भाइयों के घर नही लौटने पर उनकी बड़ी बहन शीतल उन्हें देखने गयी तो उसने देखा कि कुंए के बाहर दोनों भाईयों की चप्पल और कपड़े पड़े हुए थे। इस आशय कि जानकारी मिलते ही स्वजनो ने सीढ़ी के जरिये दो ग्रामीणों को कुएं में उतारा। कुएं में डूबे दोनो भाइयों को बाहर निकाला गया। तब तक दोनो की मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चों को तत्काल उदयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें घोषित कर दिया। सूचना पर उदयपुर पुलिस ने पोस्टमार्टम के पश्चात दोनों भाइयों के शव को स्वजनों के सुपुर्द कर दिया।

## दीवाली बाद रायपुर में 3 जगहों पर लगी आग, जल उठे दो घर, ज्वैलरी शॉप में लगी भीषण आगं



**रायपुर।** राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में दिवाली का त्यौहार धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। लोग घरों को दीपों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाने के साथ पटाखों की रोशनी में डूबे हुए थे। लेकिन इस बीच आगजनी की खबरों ने त्यौहार की खुशियों को थोड़ा फीका कर दिया। राजधानी रायपुर में शुक्रवार को दिवाली के एक दिन बाद, आग लगने की तीन घटनाएं सामने आईं, जिनमें एक घटना नाकोड़ा ज्वेलर्स में और दूसरी घटना टिकरापारा थाना के गोकुल नगर में घटित हुई। वहीं सप्रे स्कूल के पास एक घर भी आग की चपेट आ गया। पहली घटना पंडरी थाना क्षेत्र स्थित नाकोड़ा ज्वेलर्स की है, जहां शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि फर्नीचर और गद्दे की दुकान भी चपेट में आ गई। चारों ओर धुंआ ही धुंआ फैल गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया।

## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**रायपुर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ग्रामीण को रोक कर हाथियों को खदेड़ा अमले ने



**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के वन क्षेत्र धरमपुर में शुक्रवार रात हाथियों के विचरण के दौरान उस वक्त वन कर्मचारी सकते में आ गए जब एक ग्रामीण शराब के नशे में गले में मांदर लेकर घर के बाहर निकल पड़ा। अब वन कर्मचारी उसे समझाते कि हाथियों को गांव की ओर से जंगल की ओर खदेड़ते। ग्रामीण धीरे-धीरे अंधेरे की ओर बढ़ रहा था।

ऐसे में उसके हाथियों की चपेट में आने की आशंका बढ़ रही थी। काफी समझाइश व गांव के लोगों की पहल के बाद उक्त ग्रामीण को हाथियों की ओर से जाने से रोककर वापस घर भिजवाया गया। बाद में वन विभाग की टीम हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ राहत की सांस ली। नौ हाथियों का दल शुक्रवार रात ग्रामीणों की बस्ती के पास पहुंच गया था। मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम व हाथी मित्र दल हाथियों की मौजूदगी पर लगातार निगरानी बनाए हुए थे। इसी बीच एक ग्रामीण शराब के नशे में धुत्त हो मांदर को गले में लटकाए बस्ती में घूम रहा था। नशे में मस्त ग्रामीण मांदर बजाते हुए बस्ती में इधर से उधर घूम रहा था। मौके पर मौजूद हाथी मित्र दल के सदस्य धनेश प्रताप सिंह उक्त ग्रामीण को बस्ती के पास हाथियों की मौजूदगी की जानकारी दे बस्ती में घूमने से मना करते हुए घर जाने का आग्रह कर रहे थे। नशे में धुत्त ग्रामीण अपने घर जाने को तैयार नहीं हो रहा था। ऊपर से बहसबाजी भी कर रहा था। स्थिति को देखते हुए गांव के सरपंच को मामले की सूचना देकर वन विभाग की टीम व हाथी मित्र दल बस्ती के भीतर प्रवेश करने का प्रयास कर रहे हाथियों के दल को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास करने लगे। काफी प्रयास के बाद हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया। फिर शराब के नशे में धुत्त ग्रामीण को भी उसके घर पहुंचाया गया।

सरगुजा संभाग के जंगल से सटे इलाके में ग्रामीण अक्सर अपने घरों में महुआ शराब बनाते रहते हैं। शराब बनाने के दौरान महुआ से निकलने वाली तीव्र गंध आसपास के जंगलों में मौजूद हाथियों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है। हाथी गंध की दिशा में बढ़ते हुए उस घर तक पहुंच जाते हैं जहां शराब बन रही होती है। फिर उसे पाने के लिए घर तक को क्षतिग्रस्त कर देते हैं। वन विभाग भी कई बार हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को महुआ शराब न बनाने की समझाइश दे चुका है पर ग्रामीणों पर आज तक इसका कोई असर नहीं हो सका है। हालांकि हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त करने का कारण केवल महुआ शराब को ही नहीं माना जा सकता। हाथी घर में रखे अनाज को खाने के लिए भी घरों को क्षतिग्रस्त करते रहते हैं। वर्तमान में वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के वन क्षेत्र धरमपुर से लेकर टुकुडांड़ तक के क्षेत्र में नौ हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के निगरानी दल के साथ वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के रेंजर उत्तम मिश्रा भी हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार डटे रहते हैं। गुरुवार दिवाली की रात भी हाथियों का दल वनक्षेत्र धरमपुर में विचरण कर रहा था। इस दौरान रेंजर उत्तम मिश्रा वनक्षेत्र के कोटेया, भरदा, सिंघरा, दलदली, गौरा व अन्य हाथी प्रभावित गांवों का पूरी रात भ्रमण करते हुए हाथी निगरानी दल को निर्देश देते रहे। शुक्रवार की रात भी उन्होंने हाथी प्रभावित गांवों का भ्रमण कर वहां मौजूद हाथी निगरानी दल का हौसला बढ़ाया।

## बीएसपी क्वार्टर में शार्ट सर्किट से लगी आग

**भिलाई।** भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 2 में सड़क 16 ब्लॉक 62 में शनिवार तड़के शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे नीचे खड़ी 5 स्कूटी और बाइक चलकर राख हो गई। आग अधिक फैलने पर बीएसपी की दमकल वहां पहुंची। फायर सुरक्षा कर्मियों ने पहले बिल्डिंग में फंसी दो लड़कियां और उनकी मां को निकाला। इसके बाद आग को बुझाया गया। सहायक अग्नि शमन अधिकारी अमन कुमार ने बताया कि 2 नवंबर की सुबह 5.49 बजे उनके पास आग लगने की सूचना आई थी। वो अपनी टीम के साथ तुरंत वहां से फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर सेक्टर 2 पहुंची। उन्होंने देखा कि उस ब्लॉक में 4 मकान ऊपर नीचे हैं। मकान में घुसने के लिए जो सीढ़ी बनी थी, उसी के पास वहां के रहवासियों ने अपनी बाइक और स्कूटी खड़ी की थी।

# तालाब में बालक-बालिका की समाधी, पुलिस जुटी जांच में

**बिश्रामपुर।** कुरुवां गांव के हरिजन पारा स्थित प्राचीन तालाब में शुक्रवार दोपहर नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चे चचेरे भाई-बहन थे। इस घटना से गांव में मातम का माहौल निर्मित हो गया। बिश्रामपुर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के कुरुवां गांव के हरिजन पारा में दिवाली के दूसरे दिन शुक्रवार को दोपहर करीब बारह बजे गांव के बच्चे सानिया रवि समेत पुष्कर रवि, पीयूष रवि घर के पिछवाड़े थोड़ी दूरी पर स्थित प्राचीन तालाब में नहाने गए थे। जहां नहाने के दौरान तालाब के गहरे पानी में डूब जाने से सानिया रवि पुत्री रवि पलिहा 12 वर्ष व पुष्कर रवि पुत्र सूरज पलिहा सात वर्ष की मौत हो गई। उनके साथ तालाब में नहा रहे अन्य बच्चों ने दोनों बच्चों को पानी में डूबता देख कर शोर मचाना शुरू किया और भाग कर स्वजनों को उक्ताशय की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मोहल्ले वासियों ने तालाब में छलांग लगाकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी तत्काल बिश्रामपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद बिश्रामपुर पुलिस टीम एवं फोरेंसिक विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घटना से मृतक परिवार में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक बच्चों के स्वजनों से मुलाकात कर उन्हें सान्त्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने घटनास्थल का भी अवलोकन किया। मृतक सानिया रवि और पुष्कर रवि एक ही परिवार के सदस्य थे और रिश्ते में चचेरे भाई-बहन थे। मृतक मासूम पुष्कर के माता और पिता दोनों मूक-बधिर दिव्यांग है। उसकी बड़ी बहन का विवाह हो चुका है और वह अपने घर का एकमात्र चिराग था। इधर सानिया रवि मृतक पुष्कर की चचेरी बहन थी। घटना से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छठ पूजा के लिए चलेगी काचीगुडा-दरभंगा स्पेशल ट्रेन रेलवे ने जारी की तारीख और रूट

**रायपुर।** छठ पूजा के त्योहार के मद्देनजर रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काचीगुडा-दरभंगा-काचीगुडा के मध्य छठ पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा शुरू की है। इस विशेष ट्रेन का संचालन यात्रियों को बिना किसी परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। ट्रेन नंबर 07691 के तहत काचीगुडा से दरभंगा के लिए यह स्पेशल ट्रेन 3 और 10 नवंबर को सुबह 10 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन विभिन्न स्टेशनों से होते हुए अगले दिन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले गोंदिया स्टेशन पर 9.10 बजे, दुर्ग पर 11.55 बजे, बिलासपुर पर 2.30 बजे, रायगढ़ पर 4.25 बजे, और तीसरे दिन 1.40 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसी प्रकार, दरभंगा से काचीगुडा के लिए ट्रेन नंबर 07692 के साथ यह ट्रेन 5 और 12 नवंबर को 3.15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन रायगढ़ स्टेशन पर 3.08 बजे, बिलासपुर पर 5.00 बजे, दुर्ग पर 7.48 बजे, गोंदिया पर 10.20 बजे होते हुए तीसरे दिन 11:45 बजे काचीगुडा पहुंचेगी। इन विशेष ट्रेनों में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें एक जनरेटर कार, एक एसएलआरडी, चार सामान्य, आठ शयनयान, पांच एसी थ्री, दो एसी टू और एक एसी फर्स्ट शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ सरकार की श्रमिकों के लिए नई पहल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में श्रमिकों को अब कैंसर, किडनी जैसे गंभीर रोगों के इलाज के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब श्रमिक औषधालयों से सीधे अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल के तहत इलाज करवा सकेंगे। इसके साथ ही बिलासपुर में नया 100 बिस्तर वाला अस्पताल खोलने की योजना भी तैयार की जा रही है, जिसके लिए राज्य सरकार जल्द ही जमीन उपलब्ध कराएगी। कोरबा, रायगढ़ और बिलासपुर के क्षेत्रों को मिलाकर कर्मचारी राज्य बीमा निगम का उप-क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाएगा। यह कदम श्रमिकों को बीमा संबंधी सेवाएं आसान और सुलभ रूप से प्रदान करने के लिए उठाया गया है। पूरे प्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा योजना का विस्तार किया जा चुका है, और इस संबंध में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने हाल ही में राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक भी ली थी। छत्तीसगढ़ में दो दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज, उत्तर पूर्वी हवाओं के आने से तेजी से गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठंड छत्तीसगढ़ में दो दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज, उत्तर पूर्वी हवाओं के आने से तेजी से गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठंड रायपुर और कोरबा के अस्पतालों को तीन महीने के भीतर 50 से बढ़ाकर 100 बिस्तर वाले अस्पताल में उन्नत किया जाएगा।

# गर्भवती को झेलगी से नदी पार कराया परिजनों ने, स्वास्थ्य केंद्र में दिया बच्चे को जन्म



**बतौली।** आजादी के कई दशक बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पाया है। लोग सड़क, पुल के अभाव में कई तरह की परेशानियों के बीच जीवन-यापन कर रहे हैं। ऐसे में कोई बीमार हुआ या आपात स्थिति हुई तो लोगों को नदी पार कराने झेलगी (बांस की बनी बड़ी टोकरी) का ही सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला बतौली क्षेत्र में सामने आया है।

मैनपाट इलाके के कदनई से उसके सास, ससुर और अन्य लोगों ने झेलगी के सहारे नदी पार करा गर्भवती उर्मिला को बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहां उसने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया है । बतौली क्षेत्र के करदना से लगे मैनपाट क्षेत्र के कदनई की गर्भवती महिला उर्मिला को बुधवार की रात प्रसव पीड़ा हुई । स्वजनों ने महतारी एक्सप्रेस को फोन किया था। कदनई क्षेत्र बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आता है। बताया जा रहा है कि मितानिन भी उर्मिला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर पहुंच गई थी। कदनई से नदी पार करने के बाद करदना आकर लगभग 20 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करने के बाद बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना संभव हो पाता है। कदनई और करदना के बीच मांड नदी झेलगी में बिठाकर उर्मिला को उसके ससुर कुंवर साय, सास और अन्य लोगों ने पार कराया। गनीमत यह रही कि पानी का बहाव काफी तेज नहीं था ,वरना नदी पार करना काफी मुश्किल हो जाता। दो दिन पहले क्षेत्र में भी काफी बारिश हुई थी। बावजूद इसके मंगलवार को बारिश न होने का असर दिखा और उर्मिला को नदी पार करना संभव हो पाया। दूसरे छोर पर करदना इलाके में महतारी एक्सप्रेस तैयार खड़ी थी। वहां से उसे 20 किलोमीटर घाट, पहाड़ का रास्ता तय कर कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में उर्मिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मचारियों की निगरानी में बच्चे की हालत अच्छी बताई जा रही है । उर्मिला की यह प्रथम संतान है। पति राम तमिलनाडु में परिवार के पालन पोषण के लिए काम करने गया हुआ है। मालूम हो कि कदनई मैनपाट क्षेत्र का अंतिम इलाका है । इसके बाद मांड नदी के दूसरी तरफ का क्षेत्र बतौली अंतर्गत आता है। कदनई के लोगों को आधारभूत सुविधाएं सड़क के अभाव की वजह से मिल नहीं पाती हैं ।यहां तक की राशन लेने और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी उन्हें बतौली पर निर्भर रहना पड़ता है। आपातकालीन परिस्थितियों में नदी पार कर ग्रामीण बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या करदना के उप स्वास्थ्य केंद्र तक जाते हैं ।बुधवार को भी प्रसव पीड़िता को कठिन परिस्थितियों में सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया था। बरसात के दिनों में दोनों ही इलाके के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने अपने मंत्रित्व काल में एक अदद सड़क और पुल बनाने की घोषणा की थी। इसका निर्माण कार्य जारी है लेकिन काम की लेट लतीफी की वजह से ग्रामीण आज भी परेशानी में हैं।

# कुसमी मार्ग पर स्कार्पियो गिरी डबरी में, बालिका सहित छह की मौत



**राजपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। राजपुर- कुसमी मार्ग पर ग्राम लडुआ के समीप तेज गति की स्कार्पियो के डबरी में गिर जाने से बालिका सहित छह लोगों की मौत हो गई है। सभी मृतक कुसमी थाने के ग्राम लरिमा के रहने वाले हैं। स्कार्पियो में सवार होकर सभी सूरजपुर जा रहे थे। मृतकों के एक ही परिवार का होने की संभावना है हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

शनिवार की रात लगभग आठ बजे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 डीपी 6255 में एक बालिका,एक महिला व चार पुरुषों को लेकर चालक मुकेश दास कुसमी के लरिमा गांव से राजपुर की ओर आ रहा था। राजपुर पहुंचने से पहले ग्राम लडुआ के समीप तेज गति की स्कार्पियो पर से चालक का नियंत्रण हट गया।

स्कॉर्पियो सड़क किनारे डबरी में गिर गई। आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। चालक को खिड़की के सहारे किसी तरह बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया। इधर धीरे-धीरे स्कार्पियो का पीछे का हिस्सा गहरे पानी में समा गया। स्कार्पियो में पानी भर गया था। और उसके सारे गेट बंद हो गए थे। उसमें सवार लोगों का दम घुटने लगा था। डबरी में पानी अधिक होने के कारण कोई उपाय भी नहीं सूझ रहा था।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर एक्सीवेटर की मदद से स्कॉर्पियो को बाहर निकाला। इस व्यवस्था में आधे घंटे से अधिक का समय लग गया।सभी को स्कार्पियो से बाहर निकाल कर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर लाया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में आठ साल की बालिका कृति ,महिला चंद्रावती के अलावा मंगल ,उदय ,भूपेंद्र और संजय शामिल हैं। चालक मुकेश दास को भी गंभीर चोट है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रिफर किया गया है। स्कॉर्पियो दुर्घटना में मृतकों के शरीर पर ऊपरी तौर से कोई चोट नजर नहीं आ रहा था।चिकित्सकों ने बताया कि स्कॉर्पियो में पानी भर जाने के कारण डूबने से उनकी मौत होने की संभावना है।

सभी गेट लॉक हो जाने के कारण उनका दम घुट गया होगा। लरिमा गांव में सूचना भेज दी गई है। जिस डबरी में हादसा हुआ, वह सड़क किनारे खेत में है। सुरक्षा के लिए कोई प्रबंध भी नहीं है। तेज गति को हादसे का कारण बताया जा रहा है। घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं होने के कारण हादसे को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। स्कार्पियो का पीछे का हिस्सा डबरी में डूबा था। उसकी गहराई अधिक थी लेकिन पानी लगभग 10 फीट भरा हुआ था।

## कार्यशाला में शामिल होंगे भाजपाई

**कोरबा।** भाजपा जिला चुनाव प्रभारी राजा पाण्डेय का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वे भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्यवक्ता के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ जिला चुनाव सह प्रभारी संजय भावनानी भी रहेंगे। संगठन चुनाव को लेकर भाजपाईयों को जानकारी दी जायेगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, वैशाली रत्नपारखी, सरजू अजय, तुलेश्वर राठौर, विवेक मारकण्डे, किशन केशरवानी, अभिषेक गर्ग, प्रिति स्वर्णकार, दीक्षित देवांगन, पंकज सोनी, सुभाष राठौर के अलावा मण्डल अध्यक्ष हरिश थरवानी, सूर्यप्रकाश शर्मा, मनीष मिश्रा, योगेश मिश्रा सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कल जांजगीर में कार्यशाला लगाया जायेगा। जिसमें जांजगीर जिला के चुनाव प्रभारी जोगेश लांबा मौजूद रहेंगे। इसके पहले वे जांजगीर में कार्यकर्ताओं की बैठक ले चुके है। उनके साथ नंदनी राजवाड़े, लीलाधर सुलतानिया भी मौजूद रहेंगे।

### पुलिस जांच में जुटी, हत्या कर शव जलाए जाने की आशंका

# पहाड़ी के पास मिली युवक की अधजली लाश, फैली सनसनी

**कोरबा।** कटघोरा थाना अंतर्गत हुंकरा पहाड़ी के पास आज सुबह एक अज्ञात युवक की अधजली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रारंभिक तौर पर जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह शौच के लिए गए कुछ ग्रामीणों ने शव को देखा तो उन्होंने गाव के सरपंच को फोन द्वारा सूचना दी। सरपंच मौके पर पहुंच कर कटघोरा पुलिस को सूचना दी। शव की शिनाख्ती नही हो पाई। घटना स्थल पर एक जोड़ी चप्पल व सायकल मिली है।

आशंका जताई जा रही है कि कुछ युवक यहां रात्रि शराब पीने आये होंगे और आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया होगा। शव को पेट्रोल से जलाया गया है और जलाने के बाद शव को उठाकर पहाड़ी के पीछे नीचे फेंक दिया गया है। फिलहाल कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुट गई है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मराज तिवारी ने बताया कि शव की शिनाख्ती के लिये ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है।

## देव दिवाली पर होगी हसदेव आरती

**कोरबा।** नदी संरक्षण और समर्थन की भावना से कोरबा में नमामि हसदेव संगठन काफी समय से काम कर रहा है। कार्तिक पूर्णिमा देव दिवाली पर हसदेव तट पर संगठन द्वारा अनुष्ठान कराया जाएगा। पिछले वर्ष से नमामि हसदेव द्वारा हर माह की अमावस्या और पूर्णिमा को हसदेव आरती की जा रही है। इसमें अधिकारियों से लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे लोग यजमान बनाए गए।इनकी उपस्थिति में शाम पांच बजे से पूजा अर्चना और हवन पूजन किया गया। इसके पश्चात गंगा तट पर विभिन्न स्थान में होने वाली गंगा आरती के तर्ज पर यहां भी हसदेव की आरती की गई। समय के साथ इसमें लोगों की संख्या बढ़ी।

# अधिकारियों को मोबाईल देने का निर्णय लेकर विवादों में घिरा सीआईएल प्रबंधन

**कोरबा।** कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर सीआईएल प्रबंधन केवल अधिकारियों को उपहार में मोबाईल देने का फैसला लेकर विवादों में फंस गया है। श्रमिक संगठन इस पर कामगारों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए विरोध जता रहा है।

जानकारी के अनुसार कोल इंडिया के 50 वें स्थापना दिवस के मौके पर सीआईएल प्रबंधन ने अधिकारियों को 30 हजार से लेकर 60 हजार रूपए कीमत तक का मोबाईल उपहार स्वरूप देने का निर्णय लिया है। स्थापना दिवस पर निजी व सार्वजनिक कंपनियां अपने अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्साहित करने के लिए ऐसा करती है, परंतु इस बार कोल इंडिया प्रबंधन का यह निर्णय विवादों में आ गया है। विवाद का कारण कोल इंडिया के विकास में बराबर योगदान देने वाले कर्मचारियों को उपहार न देकर केवल अधिकारियों को ही उपहार देना। कोयला मजदूर सभा एचएमएस के अध्यक्ष रेशम



लाल यादव निदेश तकीकि को पत्र लिखकर भेदभाव का आरोप लगाया तथा पत्र में पिछले स्थापना दिवस में केवल अधिकारियों को ही पीआरपी, लेपटॉप, कम्बल, चश्मे का रीएंबर्समेंट देने और ग्रेच्युटी देने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच भेदभाव का जिक्र करते हुए कर्मचारियों को भी यथोचितस सम्मान एवं उपहार रूपी मोबाईल देने की मांग की है।

## बाइक सवार युवक को ट्रक ने लिया चपेट में, मौत

कोरबा।तिवरता कोसाबाड़ी के पास सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं मृतक की पहचान खिलेंद्र चौबे बांधाखार नुनेरा निवासी के रूप में हुई है।




## लैंको के शेष भू विस्थापितों को दी जाए नौकरी : राठिया

**कोरबा।** लैंको अमरकंटक पावर प्लांट के कई भूविस्थपितों को अब भी रोजगार नहीं मिला है। भूमि अधिग्रहण के समय नाबालिग भू स्वामी अब बालिग हो चुके हैं। जिन्हें नियमतः नौकरी मिलना चाहिए। जिसे लेकर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने शेष भू विस्थापितों को नौकरी मुहैया कराने कलेक्टर को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने 1.10.2007 एवं 12.03.2008 पूनर्वास नीति के तहत 330 भू-विस्थापितों के स्थाई नौकरी के अनुबंध के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया है।विधायक फूलसिंह राठिया ने पत्र में कहा है कि उरगा के ग्राम पताढ़ी स्थित लैंको अमरकंटक पावर प्लांट 300म2 के लिए वर्ष 2004-2005 में जमीन अधिग्रहण किया गया था। जमीन के बदले 330 भू-विस्थापितों को सन् 2007 में त्रिपक्षीय वार्ता कर बैठक में सर्व सहमति से सभी को स्थाई नौकरी देने का अनुबंध किया गया था।

अनुबंध के समय कुछ भू-स्थापित नाबालिग़ थे, जो वर्तमान में बालिग हो चुके हैं और नौकरी के लिए पात्रता रखतें हैं। लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड पताढ़ी को अदानी पॉवर लिमिटेड के द्वारा अधिग्रहण किया गया है। बचे भू-विस्थापितों की नौकरी की जवाबदारी अदानी पॉवर लिमिटेड कोरबा की बनती है। अतः 330 में से बचे हुए पात्रता रखने वाले भू-विस्थापितों को स्थाई नौकरी मुहैया कराई जाए। इन भू विस्थापितों में क्रमशः सत्य विजय दिव्या, आशिष सोनवानी, मुकेश सोनवानी, उमेश सोनवानी, शैलेश सोनवानी, संजय श्रीवास, गोविन्द श्रीवास शामिल हैं।

## मालगाड़ी के सामने कूदा युवक, गई जान

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनालिया फाटक के पास मालगाड़ी के सामने कूद कर एक युवक ने आत्महत्या कर लिया। इस घटना के बाद देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस और आरपीएफ रेलवे को दी गई। कोतवाली पुलिस ने रेलवे ट्रैक से शव को निकाल जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया।जानकारी अनुसार युवक बाइक से फाटक के पास आया था फाटक बंद था, बाइक खड़ी कर आसपास घूमने लगा। जैसे ही ट्रेन आई युवक दौड़ कर गया और उसके सामने कूद गया। फाटक पर मौजूद लोग दौड़ कर पहुंचे, जहां युवक खून से लतपथ पड़ा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की माने तो लोगों को लगा कि युवक आसपास की ही रहने वाला होगा और गाड़ी खड़ी कर कहीं जा रहा होगा। उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वह मालगाड़ी के सामने कूद जाएगा। युवक कौन है और कहां के रहने वाला है। इस बात का पता नहीं चल सकता है। फिलहाल युवक की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस वाहन के आधार पर और आसपास बस्तियों में युवक की पहचान में जुटी हुई है।


## केएसएस के कार्यकर्ता देंगे धरना

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुण्डा विकासनगर स्थित जेआरसी क्लब को खाली कराने को लेकर केएसएस ने प्रबंधन को पत्र सौंपा है। इस संबंध में साजी जॉन ने बताया कि जेआरसी क्लब कोयला कामगारों के परिजनों के कार्यक्रम के लिए होता है। यहां पर किसी को स्थाई रूप से ठहराया नहीं जाता। इस मुद्दे को मुख्यालय में भी उठाया गया था। अब जेआरसी क्लब को खाली कराने को लेकर भूख हड़ताल किया जायेगा। इसके लिए प्रबंधन को अलग से पत्र दिया जायेगा।

जय श्रीराम
मकान बेचना है
कोसाबाड़ी में गार्डन के पास 2400 वर्गफीट में डबल स्टोरी मकान बेचना है।
जमीन खरीदी/बिक्री हेतु
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

दीपावली एवं भाईदूज की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गोपाल प्रसाद अग्रवाल
कोल ट्रांसपोर्टर एवं ठेकेदार
पुरानी बस्ती, कोरबा













स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com